हरिभूमि रायपुर भूमि



# अंधड़ का तांडव.. चंद मिनटों में शहर अस्त व्यस्त, आधी रात बाद तक रही बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चले अंधड़ ने चंद मिनटों में ही शहर को अस्त-व्यस्त कर दिया। आधे शहर की बिजली गुल हो गई तो आधा शहर गिरे हुए पेड़, जाम रास्ते और लटकते हुए होर्डिंग्स से जुझता रहा। खबर लिखे जाने तक मध्यरात्रि पश्चात भी आधे शहर की बिजली नहीं आ सकी है। काम खत्म करके घरों की ओर लौट रहे लोग भी अचानक बदले इस मौसम से हैरान-परेशान नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार, रायपुर में मई माह में यह बीते दस सालों में सर्वाधिक गति से चला अंधड़ है। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि रायपुर में नहीं हुई है। देर रात तक लोग अंधड़ से बिखरे सामान और व्यवस्था को बनाने में जुटे रहे।

### पारा सामान्य से 3 डिग्री कम

अंधड़ के बाद बदली-बारिश की स्थिति ने पूरे प्रदेश का तापमान गिरा ▶▶|शेष पेज 13 पर

## 45 तक पहुंच चुका पारा 40 डिग्री से नीचे आया

### खास बातें

- अंधड़ चलते ही आधे शहर की बिजली गुल, देर रात तक होता रहा सुधार कार्य
- शेड गिरे, होर्डिंग्स उड़े, कथा पंडाल उड़कर तहस-नहस, विवाह पंडाल भी उड़े
- पूरे प्रदेश का तापमान गिरा 40 डिग्री से नीचे, 38 .6 डिग्री के साथ दुर्ग सर्वाधिक गर्म



### पेड़ गिरे और रास्ते जाम, बिजली विभाग ने कहा-धैर्य रखें

राठौर चौक में हनुमान मंदिर सहित अनेक स्थानों पर पेड़ गिरने से 33 केवी लाइन टूट गई। पेंशन बाड़ा, डगनिया, डीडी नगर, महादेव घाट, शंकर नगर, बैरनबाजार सहित शहर के कई हिस्सों में पेड़ गिरने से रोड जाम हो गया। खम्हारडीह में पेड़ हाईटेंशन तार के ऊपर आ गिरा। इस कारण इसे पूरे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। देखते ही देखते आधे शहर की बिजली गुल हो गई। बिजली विभाग का दफ्तर अंधड़ के बाद से मध्यरात्रि तक फोन कॉल्स से घनघनाता रहा। बिजली विभाग ने मैसेज भेजकर कहा कि कंपनी सुधार कार्य में लगी हुई है, धैर्य बनाए रखें।







## ओएचई फेल से ट्रेनें थमीं अंधेरे में बैठे रहे यात्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरुवार शाम आई तेज आंधी और तूफान का असर रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों पर भी देखने को मिला। तूफान के कारण रायपुर मंडल में ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन फेल हो गई, जिससे कई ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोकना पड़ा। करीब 40 से 60 मिनट तक ट्रेनों का संचालन ठप रहा। रायपुर, उरकुरा, सिलयारी, भाटापारा और दुर्ग समेत विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों को तूफान थमने तक खड़ा रखा गया। ओएचई लाइन की मरम्मत होने के बाद ही ट्रेनों को रवाना किया जा सका। इस दौरान ओएचई फेल होने के कारण ट्रेनों में बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे पंखे और लाइटें बंद हो गईं ▶▶|शेष पेज 13 पर

- रेलवे ट्रैक पर तूफान का असर, बंद लाइट, रुकी ट्रेनें, बेहाल यात्री

### रायपुर मंडल में रोकी गईं

1. 12809 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस - हावड़ा) - उरकुरा स्टेशन पर 16:25 बजे से रोकी गई।
2. 18573 विशाखापट्टनम - बीकानेर-उरकुरा स्टेशन के बाहर 16:54 बजे से रोकी गई।
3. 12070 गोंदिया - रायगढ़ – दुर्ग स्टेशन पर 16:45 बजे से रोकी गई।
4. 68706 डोंगरगढ़ - बिलासपुर- सिलयारी स्टेशन पर 16:40 बजे से रोकी गई।

### अप ट्रेनें रायपुर मंडल में रोकी गईं

1. 12772 रायपुर - सिकंदराबाद- रायपुर स्टेशन पर 16:45 बजे से रोकी गई।
2. 12855 बिलासपुर - इतवारी - भाटापारा स्टेशन पर 16:44 बजे से रोकी गई।
3. 18237 बिलासपुर - अमृतसर-सारागांव स्टेशन पर 16:35 बजे से रोकी गई।
4. 18517 कोरबा - विशाखापट्टनम-दगोरी स्टेशन से 18:34 बजे गुजर चुकी है।

## मेयर, अफसर सड़क पर उतरे, कलेक्टर-एसएसपी व्यवस्था बहाल करने आधी रात तक घूमते रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरुवार की शाम राजधानी में तेज आंधी-तूफान से मुख्य मार्ग सहित अन्य मार्गों में अचानक पेड़ उखड़कर सड़क पर गिर गये। इसके चलते यातायात बाधित हुआ। नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर और आयुक्त विश्वदीप ने राजधानी के विभिन्न मार्गों में अपर आयुक्त, उपायुक्त, जोन कमिश्नरों के साथ अलग-अलग विभाग की टीम लेकर प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया।

तूफान से उखड़े पेड़ों, देवेंद्र नगर के नमस्ते चौक के टूटकर गिरे ढांचे को सड़क मार्ग से हटाकर बाधित सड़क यातायात बहाल किया। जल कार्य विभाग, ▶▶|शेष पेज 13 पर



### शहरभर में बिजली बंद से लोग रहे परेशान

तेज हवा और अंधड़ चलने से शहरभर में बिजली बंद से लोग परेशान रहे। अंधेरा होने से लोगों को इस दौरान काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं शहर के कुछ इलाकों में स्ट्रीट पोल में प्रचार-प्रसार के लिए लगाये गये बैनर पोस्टर तेज हवा का झोंका सह नहीं पाये और पोल से नीचे लहराकर गिर गये।

### कलेक्टर-एसएसपी देर रात तक करते रहे दौरा

राजधानी में भीषण आंधी-तूफान से कई इलाके प्रभावित होने पर मौके का जायजा लेने के लिए कलेक्टर एवं एसएसपी निकले। प्रत्येक स्थानों पर पहुंचकर समस्याओं को निराकृत किया और मोहल्लों में पहुंचकर आमजनों से समस्याएं पूछी। इसके बाद संबंधित अधिकारियों को मौके से ही फोन कर समस्या को त्वरित निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह देर रात को शहर के विभिन्न प्रभावित स्थलों का जायजा लेने निकले।

## खबर संक्षेप



### साइबर ठगी मामले में चार एजेंट-ब्रोकर गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने साइबर ठगी के लिए बैंक खाता खोलने एवं खाता को ऑपरेटर करने के मामले में और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस तरह ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत अब तक कुल 212 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गंज पुलिस ने सुनील वॉल्टर निवासी छोटापारा खमतराई, आरिफ मंडावी निवासी डब्ल्यूआरएस कॉलोनी खमतराई, संजय सिंह निवासी पोस्ट डब्ल्यूआरएस कॉलोनी एवं मनीष कुमार वर्मा निवासी दुर्गा नगर पंडरी को धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया है। इन चारों को पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपियों के निशानदेही पर पकड़ा गया है। चारों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

## एक जिला, दो आदेश! डीईओ ने रद्द किया समर कैंप, डीपीआई ने कहा- कराएं रचनात्मक गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समर कैंप को लेकर जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा जारी किए गए आदेश को लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा पलट दिया गया है। गर्मी को देखते हुए जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा 21 अप्रैल को आदेश जारी किया गया था। इसमें स्कूलों को निर्देश देते हुए कहा गया था कि भीषण गर्मी में समर कैंप आयोजित कराए जाने पर छात्रों और शिक्षकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसे देखते हुए समर कैंप आयोजित नहीं कराने का फैसला किया गया है। जिला शिक्षा कार्यालय के अनुसार, छात्रों और शिक्षकों के अनुरोध पर यह फैसला लिया गया।

अब डीपीआई द्वारा जारी आदेश के कारण विरोधाभास की स्थिति निर्मित हो गई है। लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी कलेक्टर और जिला शिक्षा कार्यालय को जारी किए गए ▶▶|शेष पेज 13 पर

- असमंजस में शासकीय विद्यालय- कौन सा आदेश मानें?



### घर पर रहकर पूरा कर सकेंगे प्रोजेक्ट

विद्यार्थियों को समर कैंप के तरह प्रोजेक्ट कार्य 'आमाराईट' दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत छात्रों को उनकी कक्षानुसार टॉपिक दिए जाएंगे। इस प्रयोजना कार्य को छात्र ग्रीष्मावकाश के दौरान अपनी सुविधानुसार घर पर रहकर भी कर सकते हैं। पालकों, शिक्षकों तथा वरिष्ठ नागरिकों के सहयोग से उन्हें इसे पूरा करना होगा। डीपीआई ने समर कैंप का आयोजन स्वैच्छिक आधार पर सर्वसुलभ स्थान पर शिक्षकों, पालकों, शाला विकास समिति और जन सहयोग से करने कहा है।

### दिए गए हैं सुझाव

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा ना केवल आदेश जारी किया गया है, बल्कि समर कैंप में किस तरह की गतिविधियां आयोजित की जा सकती हैं, इसका भी उल्लेख किया गया है। चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध, कहानी लेखन जैसी गतिविधियां समर कैंप के अंतर्गत होंगी। खेल संबंधित आयोजनों के लिए खेल एसोसिएशन अथवा वरिष्ठ खिलाड़ियों से सहयोग लेने की बात कही गई है। विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए स्वयं पोर्टल पर दी गई शिक्षा सामग्री का प्रयोग करने कहा गया है। दूसरी कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए यह समर कैंप आयोजित होगी। नर्सरी कक्षाओं तथा पहली कक्षा के छात्रों को इसमें शामिल नहीं किया गया है।

हिंदू संगठनों ने किया था अर्धनग्न होकर प्रदर्शन

## क्रिश्चियन फोरम नेता अरुण पन्नालाल पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पहलगाम हमले में मृतकों के नाम की फेक लिस्ट को सोशल मीडिया में पोस्ट करने के मामले में रायपुर पुलिस ने छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फोरम नेता अरुण पन्नालाल के विरुद्ध केस दर्ज किया है। अरुण पन्नालाल द्वारा किए गए इस पोस्ट के बाद जमकर बवाल मचा था, जिसके बाद हिन्दू संगठनों ने पन्नालाल के निवास में अर्धनग्न होकर जमकर प्रदर्शन किया था, साथ ही इस मामले में आजाद चौक थाने में उनके खिलाफ शिकायत कर एफआईआर कराने की मांग की गई थी। बजरंग दल, विहिप आदि हिन्दू संगठनों ने एफआईआर नहीं करने पर उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी थी। सोशल मीडिया में गलत पोस्ट करने क शिकायत के आधार पर पुलिस ने अब क्रिश्चियन फोरम नेता के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

- पहलगाम हमले में मृतकों के नाम की फेक लिस्ट की थी सोशल मीडिया में पोस्ट

### इन धाराओं के तहत किया गया केस दर्ज

पुलिस ने इस मामले में धार्मिक भावनाएं आहत करने और अफवाह फैलाने समेत सोशल मीडिया में गलत कंटेंट वायरल करने की धारा 196,299, 353-2 बीएनएस के तहत क्रिश्चियन फोरम नेता के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### फेक लिस्ट में मुस्लिम समुदाय सहित कई लोगों के फर्जी नाम

क्रिश्चियन फोरम नेता ने सोशल मीडिया में जो लिस्ट पोस्ट की थी, उसमें पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के नाम थे। यह लिस्ट पूरी तरह से फेक थी, क्योंकि इस लिस्ट में 15 मुस्लिम समुदाय के कई लोगों के अन्य कई ऐसे नाम थे, जिनकी इस हमले में मृत्यु ही नहीं हुई है। सोशल मीडिया में इस फेक लिस्ट के पोस्ट होने के बाद कई लोगों ने इस लिस्ट को सही मानते हुए इसे लाइक किया है, वहीं कई लोगों ने कमेंट्स भी किए गए हैं, जिससे हिन्दूओं की धार्मिक भावना को ठेस पहुंची है।

## प्रवेश परीक्षा के आखिरी 60 मिनट में बत्ती गुल, व्यापम को छात्रों का खत अंधेरे में हल नहीं कर पाए सवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल की प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत एक मई से हुई। लेकिन शुरुआत इस बार अच्छी नहीं रही। व्यापम ने दो पालियों में प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की थी। पहली पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजकर 15 मिनट तक पीपीटी अर्थात प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट का आयोजन किया गया। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे प्रारंभ हुई जो 5 बजकर 15 मिनट को समाप्त हुई। दूसरी पाली में एमसीए पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान मौसम अच्छा होने के कारण किसी तरह की कोई समस्या खड़ी नहीं हुई। इसके उलट दूसरी पाली की परीक्षा में अचानक खराब हुए मौसम के कारण कई परीक्षा केंद्रों की बिजली चली गई। अंधेरा होने के कारण छात्र प्रश्न हल नहीं कर पाए।

इसे लेकर परीक्षार्थियों ने व्यापम को खत लिखा है। गुरुवार शाम तक जेएन पांडेय विद्यालय और पीजी उमाठे शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला शांति नगर में परीक्षा दिला रहे छात्रों ▶▶|शेष पेज 13 पर

- गुरुवार को दो शिफ्ट में आयोजित की गई थी पीपीटी और प्री एमसीए टेस्ट

### प्री एमसीए में 66% नदारत

प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट के लिए 22 हजार 600 छात्रों ने फॉर्म भरे थे। इनमें से 63% छात्रों ने परीक्षा दिलाई। इसके लिए प्रदेश के 33 जिलों में केंद्र बनाए गए थे। वहीं प्री एमसीए के लिए 4400 फॉर्म व्यापम को मिले थे। इनमें से सिर्फ 34 प्रतिशत छात्र ही परीक्षा दिलाने पहुंचे। शेष 66% छात्र नदारत रहे। प्री एमसीए के लिए केवल रायपुर और बिलासपुर में ही केंद्र बनाए गए थे। रायपुर में पीपीटी के लिए 6 केंद्र और प्रीएमसीए के लिए 8 केंद्र बनाए गए थे।

### छात्रों ने किया अनुरोध

4 बजे के बाद जिले के अधिकतर हिस्सों में अंधेरा छा गया था। प्री एमसीए के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों में कई कक्ष ऐसे भी रहे, जहां पूरी तरह से अंधेरा छा गया। ऐसे में शिक्षकों ने टॉर्च जलाकर वैकल्पिक व्यवस्था करने की कोशिश की, लेकिन कोई मदद नहीं मिल सकी। छात्रों ने अतिरिक्त समय देने का अनुरोध भी किया, लेकिन नियमों का हवाला देते हुए केंद्राध्यक्षों ने इसकी अनुमति नहीं दी।

## भारत माला घोटाले में खनूजा की 9 मई तक बढ़ी रिमांड अन्य 3 को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत माला परियोजना घोटाला मामले में गुरुवार को गिरफ्तार किए गए हरमीत खनूजा, उमा देवी तिवारी, केदार तिवारी, विजय जैन को ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में पेश किया। इनमें खनूजा को दोबारा 9 मई तक ईओडब्ल्यू की न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, वहीं अन्य तीनों को सात दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

रायपुर जिले के अभनपुर तहसील अंतर्गत भारत माला परियोजना के तहत रायपुर-विशाखापट्नम इकोनोमिक कॉरिडोर सड़क निर्माण में 48 करोड़ रुपए का घोटाला किया गया है। इस मामले में जांच करते हुए ईओडब्ल्यू ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें उमा देवी तिवारी, केदार तिवारी, विजय जैन और हरमीत खनूजा को गिरफ्तार किया था। इन सभी ▶▶|शेष पेज 13 पर

### ईडी की भी एंट्री

*इस घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू के बाद ईडी की इंट्री हो गई है। घोटाले में करोड़ों रुपए के लेनदेन किए गए हैं, जिसकी जांच अब प्रवर्तन निदेशालय भी कर रहा है। उल्लेखनीय है कि इस घोटाला का पर्दाफाश जिला प्रशासन की जांच रिपोर्ट पर हुआ था। इसके बाद शासन ने इस मामले में पहले ही तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक रोशनलाल वर्मा सहित पटवारियों को भी निलंबित किया है। ये सभी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।*

एक मई से प्रभावी हुआ नया संविदा वेतनमान

*राज्य सरकार ने जारी किया आदेश*

## संविदा चिकित्सकों की वेतनवृद्धि, सुपर स्पेशलिस्ट को मिलेंगे 3 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स में काम करने वाले संविदा चिकित्सकों के वेतन में राज्य सरकार द्वारा बड़ा बदलाव किया गया है। जारी किए गए आदेश के अनुसार, नया संविदा वेतनमान एक मई 2025 से ही प्रभावी हो गया है। आदेश के बाद गैर-अनुसूचित क्षेत्रों में सुपर स्पेशलिटी संविदा प्राध्यापक को अब 3 लाख रुपए वेतन मिलेगा, जबकि अनुसूचित क्षेत्रों में यह वेतन 3.30 लाख रुपए होगा।

सह प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक और सीनियर रेजिडेंट के वेतन में भी बढ़ोतरी की गई है। वित्त विभाग से भी नए वेतनमान को अनुमति मिल चुकी है। इसके अलावा आयुष्मान योजना या अन्य प्रोत्साहन राशि का भुगतान वेतन से अलग होगा।



अब संस्थान की ओर से संविदा चिकित्सकों को मिलने वाला स्थापना अनुदान भी उनके कुल वेतन में शामिल कर लिया गया है।

### शर्तों को लेकर भी विवाद

वहीं डॉ.राकेश गुप्ता ने वेतन वृद्धि के साथ लगाए गए शर्तों को लेकर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि शासन द्वारा शर्त तय की गई है कि शासकीय अस्पताल में सेवा के अलावा यदि वे प्राइवेट प्रैक्टिस करेंगे तो उनके वेतनमान का 20 प्रतिशत काट लिया जाएगा। एक लाख बढ़ाकर 60 हजार काट रहे हैं तो सैलरी 50 हजार ही बढ़ी है। पूरे प्रदेश में सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों की भरमार होने वाली है। ऐसे में सरकारी सुपर स्पेशलिस्ट अस्पतालों में कौन आएगा?

### सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक नाराज

*दूसरी ओर नियमित सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक इससे नाराज दिखे। उनका कहना है, एक बार फिर से नियमित सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर ठगे गए हैं। इनकी संख्या पूरे प्रदेश में 11 से ज्यादा नहीं है। नियमित सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों ने अधिकतर सुपर स्पेशलिस्ट विभाग की नींव रखी है और उसे ऊंचाइयों में ले गए हैं, जैसे-कार्डियोलॉजी विभाग, कैंसर सर्जरी विभाग, हार्ट चेस्ट एंड वैस्कुलर सर्जरी विभाग, न्यूरो सर्जरी विभाग, पेडियाट्रिक सर्जरी विभाग, प्लास्टिक सर्जरी विभाग, नेफ्रोलॉजी विभाग आदि। इन सब विभागों के नींव रखने वाले रेगुलर पीएससी सिलेक्टेड सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर ही हैं। इसके बाद भी उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है।*

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### सगुनी में मजदूरों का जाना हाल तिलक लगा खिलाया मिष्ठान

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सगुनी में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत तालाब गहरीकरण का कार्य चल रहा है। 1 मई को मजदूर दिवस के अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा ने वहां पहुंचकर मजदूरों का हाल-चाल जाना सभी का गुलाल लगाकर लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कर मजदूरों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच रजत कश्यप, उप सरपंच ज्ञान दास मानिकपुरी, पंच प्रतिनिधि सीताराम साहू, रोजगार सहायक धनेश वर्मा, खंभन साहू, तुलसीराम वर्मा,दिलु साहू, गंगा वर्मा, उर्मिला साहू, सोनकुँवर निषाद, गायत्री साहू, रामप्यारी साहू, जाम बाई साहू, हीरा साहू, कुंती साहू,तोमेश्वरी निर्मलकर, अनिता यादव,पूर्णिमा साहू, नंदनी निषाद, ज्योति यदु, देवनतीन यादव, अंजू साहू, ईश्वरी साहू,पार्वती आदि उपस्थित थे।

### आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**मंदिर हसौद।** जम्मू कश्मीर में स्थित पहलगांव आतंकी हमले के 27 भारतीय नागरिकों की निर्मम हत्या के विरोध में गुरुवार को ग्राम पंचायत सकरी में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मोमबत्ती जलाकर श्रद्धाजली दी गई, जिसमें पूर्व मंडी अध्यक्ष नारायण कुर्रे, सरपंच सोनल प्रशांत कुर्रे, उपसरपंच पूर्णिमा सिन्हा, पंच लीला सिन्हा, धनश्याम पाल, धनेश्वरी गेन्द्रे, करन यादव, मोगरा पाल, सजनी लहरे, नंदनी ध्रुव, प्रीति रात्रे, नेहा गेन्द्रे, लोमेश ध्रुव, नंद किशोर पाल, महेंद्र गेन्द्रे, ईश्वर दिवाकर, संतरा डहरिया, लक्ष्मी नारायण दिवाकर, अलका कुर्रे, नीलकंठ निषाद ने पाकिस्तान के नापाक हरकतों की कड़ी निंदा की और पीड़ित परिवारों को अपनी संवेदना व्यक्त की।

### ओलावृष्टि से फसल क्षति पर किसानों को मुआवजा दे सरकार

**आरंग।** किसान नेता द्वय पारसनाथ साहू, गोविन्द चन्द्राकार ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अप्रैल माह के अंत में प्रतिदिन तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि होने से साग, सब्जी, फल, फूल तथा धान फसल को भारी क्षति पहुंची है। जहां ज्यादा ओलावृष्टि हुई है, वहां की फसल शत-प्रतिशत नष्ट हो गई है। पके हुए धान फसल पर ओला गिरने से बालियों का धान झड़ गया है। किसान बताते हैं कि उसने लुआई करने की जरूरत नहीं है, शासन प्रशासन को सर्वे कराकर फसल बीमा एवं राजस्व परिपत्र 6-4 के उचित मुआवजा देना चाहिए।

### संकुल केंद्र चपरीद में उर्वशी 95% अंक लेकर रहीं अव्वल

**आरंग।** केंद्रीयकृत परीक्षा 2025 कक्षा 8वीं का परिणाम घोषित किया गया। शा.पू.मा.शा. चपरीद की कक्षा 8वीं की छात्रा उर्वशी साहू पूरे संकुल में 95 % अंक के साथ अव्वल रहीं। वहीं दामनी साहू 92% अंक के साथ द्वितीय रहीं।

## मौसम की मार : सड़कों पर पेड़ जड़ सहित उखड़कर गिरे, यातायात रही बाधित

# आंधी ने मचाई तबाही, टोल प्लाजा उड़ा, कई घर धराशायी, बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

गुरुवार शाम 03 बजे धरसींवा और आसपास के इलाकों में अचानक आए प्रचंड आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तेज हवाओं के बवंडर ने तरपोंगी स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने टोल प्लाजा को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया, जहां दोनों ओर लगी विशाल सेड हवा में ताश के पत्तों की तरह उड़ गईं। इस अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदा ने कई गरीब परिवारों के आशियाने छीन लिए, वहीं पूरे इलाके की बिजली व्यवस्था चरमरा गई और सड़कों पर बड़े-बड़े पेड़ जड़ से उखड़कर गिर गए, जिससे यातायात बाधित हो गया। गुरुवार शाम 03 अचानक तेज हवाओं के साथ धूल और गर्द का गुबार उठा। देखते ही देखते हवा की गति इतनी तेज हो गई कि घरों के दरवाजे और खिड़कियां हिलने लगे। तरपोंगी टोल प्लाजा पर तो मानो कुदरत का कहर टूट पड़ा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए बनी विशालकाय शेड, जो भारी-भरकम लोहे के खंभों पर टिकी थी, तेज हवा के दबाव को सहन नहीं कर पाई और कुछ ही पलों में धराशाई होकर दूर जा गिरी। यह भयावह दृश्य देखकर आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए हालांकि टोल कर्मियों को किसी प्रकार से चोटिल होने की खबर नहीं है सभी सुरक्षित है।







### दहशत में ग्रामीण

स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने अपने जीवन में ऐसा भयानक तूफान पहले कभी नहीं देखा था। अचानक मौसम बदला और कुछ ही मिनटों में सब कुछ तहस-नहस हो गया। लोगों ने डर के मारे अपने घरों में दुबक कर जान बचाई। कई लोगों को मामूली चोटें भी आई हैं। इस प्राकृतिक आपदा ने धरसींवा सहित आसपास में भारी नुकसान पहुंचाया है। सेड वाली मकानों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे को भी काफी क्षति पहुंची है। अब सबसे बड़ी जरूरत यह है कि प्रभावित लोगों को तत्काल राहत और सहायता पहुंचाई जाए।



### बिजली व्यवस्था चरमराई, ब्लेक आउट

बता दे कि बिजली व्यवस्था भी इस तूफान की भेंट चढ़ गई। तेज हवाओं के कारण कई बिजली के खंभे टूट गए और बिजली के तार आपस में उलझ गए, जिसके चलते पूरे धरसींवा इलाके में बिजली गुल हो गई। गर्मी के इस मौसम में बिजली न होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन की ओर से बिजली आपूर्ति बहाल करने के प्रयास जारी हैं, लेकिन कब तक यह व्यवस्था सुचारू हो पाएगी, इस बारे में कोई निश्चित जानकारी नहीं मिल पाई है कि कब तक बिजली आपूर्ति ठीक हो पाएगी।

### सड़कों पर अफरा -तफरी का रहा माहौल

आंधी के कारण सड़कों पर भी अफरा-तफरी का माहौल है। कई पुराने और बड़े पेड़ तेज हवा के झोंकों को सह नहीं पाए और जड़ सहित उखड़कर सड़कों पर गिर गए हैं। इन पेड़ों के गिरने से कई प्रमुख मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं, जिससे रायपुर से खरोरा व धरसींवा से सिमगा मार्ग जिससे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई है। यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन और स्थानीय लोग मिलकर सड़कों से पेड़ों को हटाने और यातायात को सामान्य करने के काम में जुटे हुए हैं।

### पेड़ से दबकर बैल की मौत

**तरपोंगी।** क्षेत्र में गुरुवार को शाम 4:15 बजे आई तूफान ने भारी तबाही मचाया है। जिसके चलते जनजीवन अस्त्र व्यस्त हो गया है। समाचार लिखे जाए तक बिजली ब्लैक आउट बना हुआ है कई जगह बिजली के खंभे उखड़ गए है। बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण लोग पानी के लिए तरस जाएंगे। तेज हवा से रायपुर बिलासपुर राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर तरपोंगी की टोल प्लाजा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। टोल प्लाजा में कार्यरत कर्मचारी तथा सफर कर रहे सैकड़ो यात्री बाल बाल बचे। अचानक आए तूफान से लोग जहां के तहा फस गए। सैकड़ों पेड़ धरासायी हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सगुनी में पेड़ में दबाकर एक बैल की मौत हो गई। नोहर सेन तरपोंगी, हीरालाल साहू खैखूंट, संजय देवांगन सड्डू, गौतरिहा यादव, जनिया निषाद, जामीन निषाद बलौदी खुर्द के घरों का छप्पर उड़ गए है। मोहदा गुजरा मार्ग में पेड़ गिर जाने से आवागमन बाधित हो गया है।





### आतूफान ने मचाया कहर, भारी तबाही

**तिल्दा नेवरा।** गुरुवार की शाम तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र में भारी तेज आंधी और तूफान आया जिससे भारी नुकसान हुआ है। तिल्दा के परसदा मार्ग पर स्थित नीलकमल राइस इंडस्ट्रीज में तूफान से मिल का सोलर पैनल और शेड उखड़ गए यहां लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं कई स्थानों पर बिजली के तार टूट गए, बिजली पोल गिरने की सूचना है तो कही पेड़ उखाड़ कर गिरे है। गुरुवार शाम लगभग 4.30 बजे आए इस आंधी तूफान ने तिल्दा नेवरा क्षेत्र में काफी कहर बरसाया है। लगभग आधे से पौन घंटे चले इस आंधी तूफान को देखकर लोग सहम गए वही भारी दिनों बाद ऐसा नजारा देखे जाने की बातें भी कही जा रही है।





## भगवान परशुराम का मनाया अवतरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

अग्रसेन योगासन शाखा आरंग द्वारा शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को भगवान परशुराम का अवतरण दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। अग्रसेन योगासन शाखा अपने नित्य दिनचर्या आसन, प्रणायाम, ध्यान योग एवं ध्वज प्रणाम के बाद भगवान लक्ष्मी नारायण एवं परशुराम की पूजा अर्चना एवं आरती कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। अशोक कुमार ठाकुर ने कहा कि आज के ही दिन भगवान परशुराम जी का अवतरण हुआ, जो भगवान विष्णु के छठवें अवतार थे। उन्होंने पिता की आज्ञा से अपनी माता रेणुका की सिर को काट दिया था। जिससे उनके पिता जमदग्नि बहुत प्रसन्न हुए और अपने पुत्र को वर मांगने के लिए कहा परशुराम कहते है पिता जी यदि आप प्रसन्न है तो मेरी माता को जीवित कर दीजिए। जमदग्नि वचन बद्ध थे इसलिए रेणुका को पुनः जीवित कर दिए। शंकर पाल ने कहा कि भगवान परशुराम अपने पिता के वध का बदला लेने के लिए कार्तवीर्य (सहस्त्रबाहु) जिसके पास हजारों भुजाओं का बल था, उसका वध कर 21 बार पृथ्वी से क्षत्रियों का वध किया। रविन्द्र अग्रवाल ने कहा कि आज के दिन द्रौपदी को अक्षय पात्र भगवान श्रीकृष्ण से प्राप्त हुआ। जिससे वे पांडवों एवं अन्य को भोजन खिलाती थी। दीपक साहेब ने कहा कि आज भी परशुराम जीवित है। इस संसार में आज भी सात लोग जीवित हैं, अश्वत्थामा, राजा बलि, वेदव्यास, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, परशुराम। कहते है कि भगवान का कल्कि अवतार होगा उस समय परशुराम कल्कि के गुरु के रूप में शिक्षा एवं अस्त्र शस्त्र सिखाएंगे और पृथ्वी को असुरों का नाश करने के बाद चले जायेंगे। इस अवसर पर ओम गुप्ता, शिव गुप्ता, होरी गुप्ता, बलराम साहू, गोपाल पाल, रामकुमार कंसारी आदि उपस्थित थे। आभार व्यक्त बृजेश अग्रवाल द्वारा किया गया।





## आरंग कालेज में विद्यार्थियों ने लगाई मॉडल प्रदर्शनी

**आरंग।** बद्री प्रसाद लोधी स्नातकोत्तर शासकीय कालेज में उच्च शिक्षा विभाग की नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत कौशल विकास पाठ्यक्रम में वर्मीकल्चर और वर्मीकम्पोस्टिंग के सफल कार्य मनियारा वर्मीकम्पोस्ट ब्रांड पैकेट एवं मार्केटिंग के साथ आधुनिक शेडिंग/वर्मीबेड की मॉडल प्रदर्शनी गुरुवार प्राणीशास्त्र विभाग के एस.ई.सी. के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अभया रा. जोगलेकर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। विभाग से आए व छात्रों से प्रदर्शनी/मॉडल और वर्मी कम्पोस्टिंग प्रक्रिया संबंधी प्रश्नोतरी कर छात्रों के कार्य की सराहना करते हुये स्वरोजगार प्रोत्साहन के लिये प्रेरित किया। यह कार्यक्रम प्राणी शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. साधना दीक्षित एवं हेमसागर चौधरी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक किया गया।

## गड़रिया नाला में मिला युवक का शव हत्या की आशंका, पुलिस जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा ब्लॉक के ग्राम बेमता के गड़रिया नाला के पास गुरुवार सुबह एक युवक का शव मिला जिसकी सूचना नेवरा पुलिस को दी गई। नेवरा पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। एक युवक को पत्थर से सिर को मार कर हत्या किया गया है। घटनास्थल पर खून से सना बड़ा पत्थर रखा हुआ है साथ ही 2 पैकेट चखना भी रखा हुआ है। मृतक की पहचान लक्ष्मण उर्फ राजू भट्ट पिता स्व बलदाऊ भट्ट उम्र 45 वर्ष ग्राम सांकरा निवासी के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि मृतक मंत्रालय में चपरासी का काम करता था। 15 दिन से काम पर नहीं जा रहा था। सिंचाई विभाग में था। वह अपने पिता की जगह अनुकंपा में नौकरी लगा था। गांव में ही इसके चाचा बलराम राव के यहां शादी कार्यक्रम में गया था। नेवरा पुलिस मर्ग कायम कर लिया है और जांच की जा रही है। वहीं रायपुर से फोरेंसिक टीम भी पहुंची हुई थी और जांच कर रही है। बता दे बुधवार शाम भी तुलसी के सीर्वे खार में एक युवक की हत्या की गई है, मृतक युवक गोविंदा पांडे पिता कृष्णा पांडे ग्राम बसंतपुर पेंड्रा निवासी था। वह एक निर्माणाधीन गोडाउन में गार्ड को नौकरी करता था। वहीं पुलिस ने बताया को जल्द ही दोनों युवकों के हत्यारों का पता लगा लिया जाएगा।



## कांग्रेस ने मनाया बोरे बासी दिवस

**आरंग।** पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा 01 मई श्रमिक दिवस को पूरे प्रदेश में बोरे बासी दिवस मनाने की शुरुआत हुई थी। सत्ता परिवर्तन हुआ लेकिन कांग्रेस छत्तीसगढ़िया संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाने में पीछे नहीं है। 01 मई को कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में बोरे बासी दिवस के रूप में मनाया।इसी के तहत आरंग में भी पूर्व मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया के मार्गदर्शन में आरंग के राजीव भवन में युवा कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष सजल चंद्राकर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक साथ बोरे बासी का आनंद लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सजल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाने का काम अगर किसी ने किया है तो कांग्रेस सरकार ने किया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की विलुप्त होती परंपराओं को सहेजने का काम किया है। छत्तीसगढ़ में बोरे बासी कई गुणों से भरपूर भोजन है।पहले लोगो को बताने में संकोच होता था कि वे बोरे बासी खाते है लेकिन भूपेश बघेल ने बोरे बासी को पूरे प्रदेश में पहचान दिलाई। कांग्रेस आगे भी छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाने का काम करती रहेगी। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर, मंगलमूर्ति अग्रवाल, केके चंद्राकर, खिलेश्वर देवनगन, खिलावन निषाद, सूरज सोनकर, समीर गोरी, ईश्वर पटेल, मंजू चंद्राकर, भारती देवांगन, राजेश्वरी साहू, अब्दुल गोरी, कुलदीप लोधी, गणेश बांधे, पप्पू तम्बोली, सादिक बैलीम, सागर जोशी, दीपक चंद्राकर, आलोक चंद्राकर, बीके भारद्वाज, राममोहन गुप्ता, पोषण साहू, तुलसी पटेल, गौरी देवांगन, राजेश निर्मलकर,अमन रजा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्तिथ रहे।

## सशिमं हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**आरंग।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल में कक्षा अरुण से लेकर नवम तक परीक्षा परिणाम 2024-25 घोषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग, डॉक्टर हेडगेवार बाल कल्याण समिति के सहसचिव डॉ. तेजराम जलक्षत्री, कोषाध्यक्ष गणेश राम साहू, सदस्य कमल नारायण देवांगन, सुरेंद्र नशीने, कौशल चंद्राकर ने सरस्वती ओम और भारत माता की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। दीप प्रज्वलन पश्चात संस्था प्राचार्य नितेश्वरी लोधी ने मुख्य अतिथि संदीप जैन का स्वागत श्रीफल भेंट कर किया। परीक्षा प्रभारी संतोष शंख ने कक्षा अरुण से नवम तक भैया बहनों के परीक्षाफल की घोषणा किया। श्री जैन ने कहा की शिक्षा के साथ संस्कार आवश्यक है जो केवल शिशु मंदिर की शिक्षा से मिलता है। अगर संस्कार न हो तो व्यक्ति सही गलत की पहचान नहीं कर सकता। वही गणेशराम साहू व प्राचार्य नितेश्वरी लोधी ने सभी परीक्षा परिणाम में सफल भैया बहनो को बधाई दी। कार्यक्रम का मंच संचालन आचार्य संतोष शंख ने किया।



## बर्खास्त सहायक शिक्षकों का पुनः समायोजन सराहनीय निर्णयः यादव

**आरंग।** भाजपा आरंग मंडल के मंडलमंत्री अशोक यादव ने राज्य शासन द्वारा 2621 बर्खास्त सहायक शिक्षकों के समायोजन के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे एक लोकहितकारी एवं संवेदनशील पहल बताया है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के समय नियुक्त किए गए सहायक शिक्षकों की नियुक्ति को न्यायालय द्वारा निरस्त कर दिया गया था, जिससे सैकड़ों शिक्षक बेरोजगार हो गए थे। इस गंभीर प्रकरण में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने संवेदनशील रुख अपनाते हुए सभी प्रभावित शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान के पद पर समायोजित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय केवल शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि वर्तमान में सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



### निधन

#### मेहतरीन साहू

**आरंग।** आजाद चौक बरगुड़ी पारा निवासी 71 वर्षीय मेहतरीन साहू का रविवार को निधन हो गया। वे गणेश राम साहू की पत्नी एवं भाजपा नेता सनद कुमार साहू, राम कुमार साहू, नंदकुमार साहू की माता थी। उनका अंतिम संस्कार नया तालाब मुक्तिधाम में किया गया। जिसमे परिजन व नगरवासी शामिल हुए।



#### चन्द्रशीला सिंह

**आरंग।** अटल विहार कॉलोनी निवासी 60 वर्षीय चन्द्रशीला सिंह का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में परिजन व नगरवासी शामिल हुए। वे छात्रपाल सिंह की पत्नी थीं।

## नपा आरंग की बैठक में विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव पारित किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नगर पालिका परिषद आरंग में निर्वाचन के बाद परिषद की प्रथम जम्बो बैठक नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन की अध्यक्षता में 30 अप्रैल को सम्पन्न हुआ। बैठक में पूर्व निर्धारित 31 विषयों पर क्रमवार चर्चा कर बहुमत के आधार पर नगर हित और विकास कार्यो से सम्बंधित प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में अकोली रोड स्टेशन के पास अंडर ओवर ब्रिज निर्माण, विधायक कार्यालय एवं पुलिस थाना के मध्य सरकारी जमीन में व्यावसायिक दुकान, पेजयल व्यवस्था, बस स्टैंड के नव निर्माण तथा गौरवपथ का नाम अटल गौरव पथ रखने सहित विभिन्न 31 जनहित मुद्दों में पर चर्चा कर बहुमत के आधार पर निर्णय लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता के 19, वृद्धा पेंशन 17, सुखद सहारा पेंशन 02, सामाजिक सुरक्षा पेंशन 03, मुख्यमंत्री पेंशन योजना 02 तथा नामांतरण के 45 प्रकरण रखे गये थे इसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में अध्यक्ष द्वारा वित्तीय वर्ष 25-26 का बजट भी पेश किया गया, जिसमें 6756.44 लाख अनुमानित आय तथा 6739.36 लाख के अनुमानित व्यय के साथ 17.08 लाख के लाभ का बजट पेश किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक का संचालन मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी ने किया। बैठक में सभी पार्षद तथा नगर पालिका परिषद के स्टाफ उपस्थित थे।



## सृजन स्कूल के स्काउट्स व गाइड्स ने पिलाया शरबत

**आरंग।** भारत स्काउट्स एवं गाइड जिला संघ रायपुर के वार्षिक कार्यक्रमानुसार सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग के स्काउट्स एवं गाइड्स में बुधवार को /"अक्षय तृतीया/" के अवसर पर बस स्टैंड हनुमान मंदिर के पास प्याऊ घर खोला एवं भीषण गर्मी में आने जाने वाले राहगीरों को शरबत पिलाने का नेक कार्य किया। यह कार्य स्काउट लीडर लक्ष्मी नारायण पटेल, मनहरण लाल यादव एवं गाइड कैप्टन मेनका निषाद के नेतृत्व में स्काउट नमन सोनकर, मनीष सोनकर,मयंक वैष्णव, दीपेश जलक्षत्री, रुद्र कुमार साहू, देवेंद्र साहू, गाइड मानसी सोनकर, मुस्कान लोधी, आकांक्षा कश्यप, प्रियंका साहू, शालिनी साहू, सौम्या चंद्राकर आदि ने किया। साथ ही कैलाश साहू, नरसिंह प्रसाद लहरी, शैलेन्द्री सोनकर, सविता चंद्राकर, अन्नपूर्णा सोनकर, प्रियंका बैस, गीता साहू आदि शिक्षकगण ने सेवा कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

जिला संघ अध्यक्ष जी.स्वामी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. सुरेश शुक्ला, जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर डॉ. विजय खंडेलवाल, जिला सचिव एम. शुक्ला, जिला संगठन आयुक्त गाइड लक्ष्मी नायक, विकासखंड सचिव रोहित कुमार वर्मा, शाला विकास समिति संरक्षक लखन लाल सोनकर, अध्यक्ष छत्रधारी सोनकर, उपाध्यक्ष सियाराम सोनकर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सोनकर, सचिव सूरज सोनकर, सह सचिव सतीश सोनकर, संस्था प्रमुख यशोदा योगी, उप प्राचार्य भारती वर्मा, प्रधान पाठक सुहागा देवांगन सहित समस्त शिक्षकों ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए बधाई दी।



# उपार्जन केंद्रों से धान उठाने उठाने की अवधि माहभर पहले खत्म, अब तक 30 जिलों में जमा है स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान को उपार्जन केंद्र यानी खरीद केंद्र से उठाने के लिए सरकार ने 31 मार्च तक की अवधि तय की थी। यह समय सीमा बीते अब एक महीना पूरा हो गया है, लेकिन राज्य के 33 में से 30 जिलों के सैकड़ों उपार्जन केंद्रों में धान का स्टॉक जमा है। खास बात ये है कि इस बीच 14 नवंबर से धान खरीदी होने के बाद साढ़े चार महीने बीत चुके हैं। इस बीच भारी गरमी की वजह से धान सूखा और उसका वजन भी कम हो गया है, इसकी पूरी जिम्मेदारी सोसायटियों के प्रबंधकों पर आ गई है। उन्हें धान या धान की कीमत देने के लिए दवाब डाला जा रहा है, अगर ऐसा नहीं किया तो एफआईआर करने की चेतावनी भी दी गई है।

- 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से उठाना था धान



## 1 लाख 39 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव नहीं

राज्य में इस समय तक यानि 1 मई की स्थिति में राज्य के उपार्जन केंद्रों में 1 लाख 39 हजार 985.75 मीट्रिक टन धान जमा है। राज्य केवल तीन जिले ऐसे हैं जहां उपार्जन केंद्रों से पूरा धान उठाया जा चुका है। इन जिलों में जांजगीर चांपा, कोरिया और सरगुजा शामिल हैं। बाकी के सभी 30 जिलों में धान की अलग-अलग मात्रा मार्कफेड के रिकार्ड में नजर आ रही है। कई जिलों में अधिक कुछ में यह मात्रा कम है। इस बीच पिछले दो-तीन दिनों से बेमौसम बारिश से धान भीगने का खतरा हो गया है। अभनपुर के समीप जौंदा में मार्कफेड के संग्रहण केंद्र में रखा धान भीगने की जानकारी मिली है। यहां धान का स्टेक खुला है और धान भीगा है।

## 31 मार्च तक उठाना था धान

राज्य में धान खरीदी शुरु होने के पहले सरकार ने एक नीति जारी की थी। इस नीति में कहा गया था कि खरीद केंद्र में भंडारित समस्त धान को मार्कफेड द्वारा 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से उठाया जाए। इसी नीति में ये भी साफ किया गया है कि उपार्जन केंद्रों में संग्रहित धान के लिए कोई सूखत की मात्रा मान्य नहीं होगी। यह भी कहा गया था कि जिन केंद्रों में बफर लिमिट हो वहां धान का यथाशीघ्र उठाव करना है।

## सोसाइटी संचालकों पर संकट

राज्य के उपार्जन केंद्रों से धान का स्टॉक उठाने में देरी से सोसाइटियों के प्रबंधकों पर भारी परेशानी आई है। दरअसल साढ़े चार महीने धान जमा होने इस बीच भीषण गर्मी पड़ने से धान सूखा है और उसका वजन कम हुआ है। अब सोसाइटी प्रबंधकों से कहा जा रहा है कि वे या कम हुए धान की मात्रा के बराबर धान जमा कराए, या 2300 रुपए क्विंटल के हिसाब से राशि जमा करें। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ एफआईआर करवाई जाएगी। सूत्रों के अनुसार अकेले रायपुर जिले की सोसाइटियों में करीब 12 करोड़ के धान की कमी आई है। इस संबंध में प्रबंधकों को नोटिस जारी की गई है। इस मामले को लेकर दो दर्जन से अधिक सोसाइटियां हाईकोर्ट की शरण में गई है। बताया गया है कि इन मामलों पर हाईकोर्ट से 5 मई को फैसला आ सकता है।

## खबर संक्षेप



### बर्खास्त बीएड शिक्षकों के जीवन में लौटी खुशियां, सीएम से मिले

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल से छत्तीसगढ़ के 26 सौ से अधिक बीएड अर्हताधारी बर्खास्त सहायक शिक्षकों के जीवन में खुशियां लौट आई हैं। प्रदेश सरकार ने बर्खास्त शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस फैसले से राज्य के 2600 से अधिक युवाओं का भविष्य एक बार फिर संवर गया है। मुख्यमंत्री से आज मुख्यमंत्री निवास में बर्खास्त सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं और उनसे अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करने का आह्वान किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, मुख्यमंत्री के साथ आपके नौकरी के संबंध में लगातार चर्चा होती थी। हमारे मुखिया इतने संवेदनशील है कि उन्होंने पहले ही दिन कहा था कि जितना भी आर्थिक बोझ पड़े राज्य सरकार अपने युवाओं के भविष्य को खतरे में नहीं डालेगी।

### पहलगाम पीड़ित मिरानिया परिवार को सरकार देगी 20 लाख रुपए : सीएम साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा की है कि राज्य सरकार दिवंगत दिनेश मिरानिया के शोकाकुल परिजनों को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में रायपुर के दिनेश मिरानिया की हत्या की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए इसे प्रदेश के लिए एक अपूरणीय क्षति कहा। उन्होंने कहा कि पूरा छत्तीसगढ़ इस दुःखद घड़ी में मिरानिया परिवार के साथ है। यह केवल एक परिवार की नहीं, पूरे समाज की क्षति है। श्री साय ने कहा कि जो आतंकवादी इस जघन्य कृत्य के दोषी हैं, उन्हें कड़ी से कड़ी सजा अवश्य मिलेगी। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि देश की सुरक्षा एजेंसियां इस मामले में शीघ्र न्याय सुनिश्चित करेंगी।

### रायपुर में गीता महादान कार्यक्रम जल्द



**रायपुर।** रामराज फाउंडेशन द्वारा जल्द ही रायपुर में "गीता महादान" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्पिरिचुअल स्पीकर्स के साथ रॉक बैंड को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर गीता पुस्तक के साथ ऑडियो टेप का भी वितरण किया जाएगा, ताकि हर व्यक्ति गीता ज्ञान को जीवन में उतार सके। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि यदि किसी आम नागरिक को रास्ते में कोई जरूरतमंद दिखाई देता है तो वह हमसे संपर्क करता है। इंस्टाग्राम या व्हाट्स एप द्वारा हम 300 से 500 लोगों के लिए तुरंत प्रसादम तैयार कराकर अपनी टीम के माध्यम से निशुल्क वितरण कराते हैं। इसके लिए किसी से कोई शुल्क नहीं लिया जाता। संस्था में सेवाभावी एवं समाज के प्रतिष्ठित लोग बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रहे हैं।

## निगम आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के सीएमओ को परिपत्र जारी

डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के लिए पानी का जमाव हटाने के निर्देश

# सभी नगरीय निकायों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने गाइडलाइन जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगरीय निकायों में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने इसके लिए सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। विभाग ने कहा, मौसमी बीमारियों एवं दूषित पेयजल से होने वाले रोगों के प्रति सचेत रहते हुए इनकी रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने संचालनालय से सभी निकायों को जारी परिपत्र में 15 जून के पहले नलकूप स्त्रोतों को क्लोरीन या सोडियम हाइपोक्लोराइड डालकर शुद्धिकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा गया है कि नगरीय निकायों में स्थापित एवं संचालित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के फिल्टर बेड का संधारण तथा शहरों की उच्च स्तरीय पानी टंकियों की सफाई का काम 10 जून तक पूर्ण करें। विभाग ने जल प्रदाय वाली पानी टंकियों की साल में कम से कम दो बार सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। टंकी सफाई की तिथि टंकी के कालम में अंकित किया जाए। नगरीय प्रशासन विभाग ने निर्देश दिए कि जल प्रदाय के लिए बिछाई गई पाइपलाइन में लीकेज या टूट-फूट को तत्काल सुधारे। सार्वजनिक नलों और हैण्डपम्पों के आसपास पर्याप्त सफाई रखने तथा जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल के उपयोग के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं। परिपत्र में कहा गया है कि निकाय में स्थापित होने वाले नवीन हैण्डपम्पों को भविष्य में संधारण के लिए सूचीबद्ध करें। डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए खाली जगहों में जमा पानी, कूलर, पानी की टंकी, बर्तन, फ्रीज के ट्रे, टॉयर तथा अन्य वस्तुओं में पानी के जमाव को खाली कर साफ-सुथरा रखने के भी निर्देश विभाग ने नगरीय निकायों को दिए हैं।




### पेयजल में क्लोरीन की मात्रा की करें जांच

सतही स्त्रोत पर आधारित पेयजल योजनाओं में जल उपचार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में करने के बाद क्लोरीनयुक्त जल शहरों में प्रदाय किया जाता है। सामान्यतः इस प्रकार की व्यवस्था में पानी के दूषित रहने की संभावना नहीं रहती है जब तक कि वितरण प्रणाली में बाहर से गंदा पानी न मिल रहा हो। विभाग ने अभियान चलाकर वितरण प्रणाली के अंतिम छोरों के सभी जल नमूनों की पुनः जांचकर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पम्पिंग मेन एवं वितरण प्रणाली के लीकेजों की तत्काल मरम्मत करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

### पानी दूषित मिलने पर करें जीवाणुरहित

नगरीय प्रशासन विभाग ने नलकूपों पर आधारित पेयजल योजनाओं में नलकूप स्त्रोत, सम्पवेल, उच्च स्तरीय टंकी एवं वितरण प्रणाली के अंतिम छोरों से पेयजल नमूना एकत्र कर हाइड्रोजन सल्फाइड किट के माध्यम से जांच करने के निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर जल का नमूना दूषित पाए जाने पर ब्लीचिंग पाउडर के घोल या लिक्विड सोडियम हाइपोक्लोराइड डालकर जीवाणुरहित करें। जीवाणुरहित करने के एक सप्ताह बाद पुनः उसका परीक्षण करें। जल के नमूने के पुनः दूषित पाये जाने पर विस्तृत जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजें तथा आवश्यक मात्रा में ब्लीचिंग पाउडर का घोल उच्च स्तरीय टंकी में डालने के बाद ही जलप्रदाय करें।

### कोलीफार्म बैक्टीरिया की जांच के लिए लें सैंपल

पेयजल में कोलीफार्म बैक्टीरिया की नियमित जांच के लिए तीन स्थानों से सैंपल लेकर जांच करना चाहिए। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में ट्रीटमेंट के बाद प्राप्त होने वाले जल का प्रत्येक घंटे में, स्टोरेज टंकियों से प्रतिदिन दो बार और प्रत्येक बस्ती के कम से कम दो-तीन घरों से प्रतिदिन पानी का सैम्पल लेकर कोलीफार्म बैक्टीरिया की जांच की जाना चाहिए। जल के नमूने में कोलीफार्म बैक्टीरिया मिलने पर उस जल स्त्रोत से पेयजल का प्रदाय तत्काल रोक देना चाहिए। जल सैम्पल की जाँच में कोलीफार्म अनुपस्थित होने पर ही पेयजल का दोबारा प्रदाय प्रारंभ किया जाये।

### लगातार करें निरीक्षण

विभाग ने पेयजल में रेसीड्यूवल क्लोरीन न मिलने या कोलीफार्म बैक्टीरिया मिलने पर तत्काल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इसके निराकरण के लिए अवगत कराएं। नगरीय निकाय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी जगहों पर संधारित रजिस्टरों का निरीक्षण कर हस्ताक्षर भी करना है।

## मुख्यमंत्री कल करेंगे भूमिपूजन

# नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ का पहला एआई डाटा सेंटर पार्क

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 3 मई को सवेरे 11.30 बजे अटल नगर नवा रायपुर स्थित सेक्टर-22 में एआई डेटा सेंटर पार्क का भूमिपूजन करेंगे। उल्लेखनीय है कि इस एआई एक्सक्लूजिव डाटासेंटर पार्क की लागत 1000 करोड़ रुपए होगी, यह 13.5 एकड़ में होगा। इसमें 2.7 हेक्टेयर एरिया स्पेशल इकानामिक जोन के विकास के लिए होगा। इस अवसर पर विशेष अतिथि के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, वित्त, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी मौजूद रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि दुनियाभर में डाटा सेंटर की मांग तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि आर्टिफिशल इंटेलीजेंस की बुनियाद डाटा सेंटर पर होती है। रैस बैंक डाटा सेंटर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इसका भूमिपूजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय लगातार कोर सेक्टर के साथ ही आधुनिक जमाने के अनुरूप नये उद्योगों को बढ़ावा दे रहे हैं। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संकल्पित रूप से काम किया जा रहा है। बीते दिनों प्रदेश में सेमीकंडक्टर यूनिट के लिए भी भूमिपूजन किया गया। इसकी लागत 1163 करोड़ की है।



### रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी

उल्लेखनीय है कि डाटा सेंटर एआई को संचालित करने के लिए सबसे उपयोगी टूल होते हैं। एआई लार्ज लैंग्वेज माडल पर काम करते हैं और डाटा माइनिंग का काम करते हैं। जब भी डाटा माइनिंग होती है बड़े पैमाने पर ऊर्जा लगती है और इसके लिए डाटा सेंटर उपयोगी होते हैं। भविष्य की प्रगति इस बात पर निर्भर है कि हम आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर किस तरह से आगे बढ़ेंगे। भारत अपना स्वयं का एआई माडल तैयार कर रहा है। अटल नगर में डाटा सेंटर के आने से रोजगार की बड़ी संभावनाएं भी पैदा होंगी। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एनर्जी समिट किये गये हैं जिससे छत्तीसगढ़ देश के पावर हब बनने की दिशा में बढ़ेगा। ऐसे में डाटा सेंटर पार्क के माध्यम से इस संभावना का भरपूर उपयोग हो सकेगा।

## महतारी वंदन योजना की किस्त जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत मई की पंद्रहवीं किस्त का भुगतान जारी कर दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश की 69.32 लाख से अधिक महिलाओं को कुल 648.38 करोड़ रुपये की सहायता राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए इस योजना की शुरुआत मार्च 2024 में की गई थी। अब तक लगातार 15 माहों में 9788.78 करोड़ रुपये की राशि प्रदेश की महिलाओं को प्रदाय की जा चुकी है। योजना के अंतर्गत 21 से 60 वर्ष आयु वर्ग की विवाहित, विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

- 69.32 लाख हितग्राहियों को 648 करोड़ से अधिक सहायता राशि जारी

### आधार कार्ड अपडेट कराने की अपील

महिला एवं बाल विकास विभाग ने हितग्राही महिलाओं से अपील की है कि वह अपना आधार कार्ड अपडेट कराएं, ताकि राशि के भुगतान में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। ज्ञात हो कि आधार कार्ड को हर 10 वर्षों में अपडेट करना अनिवार्य है। कई हितग्राहियों का भुगतान आधार इनएक्टिव होने के कारण निरस्त किया गया है। ऐसे हितग्राहियों को आधार केंद्र में जाकर पहचान एवं निवास प्रमाणपत्र के साथ आधार अपडेट कराना आवश्यक है, ताकि आगामी किस्त का भुगतान सुनिश्चित हो सके।

## बीएड शिक्षकों के समायोजन में 5-6 माह लगने की संभावना

**रायपुर।** राज्य सरकार ने बीएड सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के रिक्त पदों पर समायोजित करने का निर्णय लिया है। समायोजन के लिए जिलों की प्राथमिकता में पहले राज्य के अनुसूचित क्षेत्र के जिलों के रिक्त पदों में उसके बाद सीमावर्ती जिलों के रिक्त पदों पर तत्पश्चात अन्य जिलों में समायोजन किया जाएगा। न्यूनतम अर्हता रखने वालों पहले मौका दिया जाएगा, उसके बाद अन्य लोगों का क्रम से समायोजन होगा। प्रक्रिया पूरी होने में पांच-छह माह का समय लगने की संभावना है। बताया गया है कि विज्ञान प्रयोगशाला सहायक के लिए न्यूनतम अर्हता बायोलॉजी विषय के साथ 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। जो बीएड सहायक शिक्षकों में से कई यह अर्हता नहीं रखते, उनको 3 साल में अर्हता पूरी करनी होगी। कैबिनेट में अंतर्विभागीय समिति की अनुशंसा अनुसार हटाये गए 2621 बीएड सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के राज्य में रिक्त 4,422 पदों में समायोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। समायोजन गैर विज्ञापित पदों पर किया जाएगा। कला, विज्ञान संकाय से 12वीं उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों को निर्धारित अर्हता पूर्ण करने के लिए 3 वर्ष की अनुमति दी जाएगी।

- 69.32 लाख हितग्राहियों को 648 करोड़ से अधिक सहायता राशि जारी

**कैसे किया जाएगा समायोजित :** इसके साथ ही इन अभ्यर्थियों को प्रयोगशाला कार्य के संबंध में एससीईआरटी के माध्यम से दो माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के शेष 355 अभ्यर्थियों के लिए पदों का सृजन किया जाएगा।

# साय बोले- वक्फ बिल मुस्लिम समाज के विरोध में नहीं

## व्याख्यान माला में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने संशोधित वक्फ बिल के फायदे बताए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



वक्फ सुधार जनजागरण अभियान समिति रायपुर द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 विषय पर मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित व्याख्यान माला में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुराने वक्फ बिल की विसंगतियों को दूर करने का प्रयास नए वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के माध्यम से किए जा रहे हैं, ताकि मुस्लिम समुदाय के पिछड़े और गरीब तबके के लोगों के जीवन को बेहतर बनाया जा सके और उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 मुसलमानों के हित में है और इसका लाभ सभी मुसलमानों को होगा। यह बिल मुस्लिम समाज के विरोध में नहीं है। विषय-विशेषज्ञों एवं समाज के सभी तबके से सलाह मशवरा कर यह कानून लाया गया है।

व्याख्यान माला के मुख्य वक्ता केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में तेजी से रिफार्म किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, चाहे जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने की बात हो या ट्रिपल तलाक जैसे कानूनों को समाप्त कर मुस्लिम समाज के महिलाओं को हक दिलाने की बात हो, यह सभी कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए हैं। अब वक्फ बिल के माध्यम से पिछड़े मुसलमानों को उनका हक दिलाते हुए वक्फ बोर्ड की गड़बड़ियों को दूर कर सकारात्मक सुधार का प्रयास किया जा रहा है। डॉ. जितेंद्र ने कहा, हमारी सरकार का प्रयास है कि वक्फ के माध्यम से समाज के वास्तविक लोगों को ही इसका फायदा मिल सके। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से यूपीए सरकार द्वारा आनन-फानन 2013 में वक्फ कानून में किए संशोधन से हुए नुकसान एवं विसंगतियों के बारे विस्तृत से जानकारी दी। साथ ही वर्तमान वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 से होने वाले फायदों एवं विसंगति प्रावधानों के हटाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने कहा, आज वक्फ कानून के संबंध में जो गलतफहमी समाज में फैलाई जा रही है, उससे हम सब को बचना है और नए वक्फ कानून की वास्तविकता को पहचाना एवं जानना है। हमारे विभाग द्वारा भी जिला स्तर से लेकर विकासखंडों तक ऐसे जागरण या व्याख्यान माला का आयोजन किए जाएंगे। इस अवसर में पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, धमतरी महापौर रामू रोहरा छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सलीम राज सहित मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवी वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी विशिष्ट पहचान : नेताम

# जनजातीय संग्रहालय नवा रायपुर में बनकर तैयार म्यूजियम के निर्माण में डिजिटल तकनीक की मदद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति की जीवंत झलक नवा रायपुर में देखने को मिलेगी। यह संग्रहालय लगभग बनकर तैयार हो चुका है। आदिम जाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम ने इसका निरीक्षण किया। यह ट्रायबल म्यूजियम छत्तीसगढ़ की जनजातीय जीवन शैली, संस्कृति एवं परंपरा पर आधरित है। एक ही छत के नीचे तैयार हो रहे म्यूजियम में छत्तीसगढ़ के आदिवासियों की संस्कृति एवं परंपरा से पर्यटक रूबरू हो सकेंगे। मंत्री श्री नेताम ने निरीक्षण के दौरान कहा, संग्रहालय के मूर्त रूप में आ जाने के बाद निश्चित ही छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान मिलेगी।



जल्द ही आदिवासियों की जीवन शैलियों पर आधारित म्यूजियम पर्यटकों के लिए समर्पित होगा। इसकी तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया कि म्यूजियम के निर्माण में डिजिटल तकनीक एवं एआई की मदद ली जा रही है। सभी पारंपरिक सामग्रियों का क्यूआर कोड तैयार कराया जा रहा है। क्यूआर कोड को स्कैन करते ही उस विधा-सामग्री की पूरी जानकारी मोबाइल पर देखी जा सकेगी। इस मौके पर विभाग के आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर, टीआरआई के संचालक जगदीश कुमार सोनकर, उप सचिव बीएस राजपूत, कार्यपालन अभियंता त्रिदीप चक्रवर्ती सहित विभागीय इंजीनियर और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### राज्य में 42 प्रकार की जनजातियां

गौरतलब है कि यह ट्रायबल म्यूजियम में जनजातीय जीवनशैली, उनके रहन-सहन, निवास गृह, पूजा पद्धति (देवगुड़ी), उनकी वेशभूषा, उनकी सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक विशेषताओं को जीवंत प्रदर्शित किया गया है। छत्तीसगढ़ में 42 प्रकार की जनजातियां मुख्यतः निवास करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 72 लाख व शहरी क्षेत्रों में लगभग 5 लाख जनजाति जनसंख्या निवास करती है।

छत्तीसगढ़ की केयरएज स्टेट रैंकिंग में शानदार छलांग

# टॉप राज्यों की दौड़ में बनाई नई पहचान, मुख्यमंत्री ने जताया गर्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

केयरएज स्टेट रैंकिंग 2025 में छत्तीसगढ़ ने 3 स्थान की छलांग लगाई है। शासन, सामाजिक विकास और आर्थिक मजबूती के दम पर राज्य 14वें से 11वें स्थान पर पहुंचा है। देश के बड़े राज्यों में छत्तीसगढ़ ने केयरएज स्टेट रैंकिंग 2025 में 14वें से 11वें स्थान पर पहुंचकर अपनी ताकत का अहसास कराया है। 2023 की तुलना में इस बार राज्य का समग्र स्कोर 34.8 से बढ़कर 40.9 हो गया है। इस प्रगति ने दिखा दिया कि छत्तीसगढ़ अब शासन, आर्थिक प्रबंधन और सामाजिक उत्थान के क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि को सभी छत्तीसगढ़वासियों की जीत बताया। उन्होंने कहा, यह आंकड़े हमारी पारदर्शी नीतियों, जन-भागीदारी और जन-सेवा के प्रति समर्पण का परिणाम हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीब कल्याण में हमारी प्राथमिकताएं स्पष्ट रही हैं, वहीं निवेश और रोजगार को भी नया बढ़ावा मिला है।

### आर्थिक क्षेत्र में 9.9 अंकों की जबरदस्त बढ़त

रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ ने आर्थिक प्रदर्शन के पैमाने पर 9.9 अंकों की बढ़त के साथ 12वें से 7वें स्थान पर छलांग लगाई है। यह राज्य की आकर्षक औद्योगिक नीति, निवेश प्रोत्साहन और वित्तीय अनुशासन का नतीजा है। राज्य का जीएसटी संग्रहण और बजट प्रबंधन पहले की तुलना में अधिक पारदर्शी और प्रभावशाली हुआ है, जिससे राजकोषीय स्थिति सशक्त हुई है।

### शासन-प्रशासन में 14.2 अंकों की शानदार छलांग

छत्तीसगढ़ ने शासन-प्रशासन के क्षेत्र में भी 14.2 अंकों की प्रगति की है। यह प्रगति पब्लिक सर्विस डिलीवरी, कानून व्यवस्था और डिजिटल गवर्नेंस जैसे क्षेत्रों में सुधार का परिणाम है।

### सामाजिक क्षेत्र में भी 17.8 अंकों की रिकॉर्ड प्रगति

सामाजिक सूचकांकों की बात करें तो रिपोर्ट में बताया गया है कि राज्य ने साक्षरता, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और आय समानता जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार किया है। यह प्रगति राज्य के विकास मॉडल को समावेशी और टिकाऊ बनाती है।

### 50 संकेतकों के आधार पर हुआ मूल्यांकन

2025 की रैंकिंग में 50 संकेतकों पर राज्यों का मूल्यांकन किया गया, जो 2023 के 46 संकेतकों से अधिक हैं। इन संकेतकों में राज्य की अर्थव्यवस्था वित्तीय स्थिति, बुनियादी ढांचा, प्रशासन और पर्यावरण शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### सकल गुजराती समाज ने की बृजधाम यात्रा



**रायपुर।** सकल गुजराती समाज द्वारा 6 दिवसीय बृजधाम यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें 111 श्रद्धालु शामिल हुए। मथुरा, गोकुल, वृंदावन, बरसाना, जतीपुरा के गोवर्धन धाम में सभी श्रद्धालुओं ने राधाकृष्ण के दर्शन किए। इस यात्रा में रायपुर समेत राजनांदगांव, हैदराबाद, नागपुर, जबलपुर, गुजरात के भुज, कच्छ आदि शहरों के लोग शामिल थे। समाज के अध्यक्ष कौशिक कट्टा ने बताया कि वैष्णव संप्रदाय के पुष्टिमार्गी तीर्थ के गोवर्धन पर्वत की धार्मिक यात्रा करना संप्रदाय के सभी श्रद्धालुओं का सपना होता है। गुजराती समाज में चुनरी मनोरथ पूजा को सबसे बड़ी पूजा माना जाता है, जिसमें यमुना घाट पर यमुना महारानी को चुनरी चढ़ाई जाती है।

### मजदूर दिवस पर श्रमवीरों का किया सम्मान



**रायपुर।** मजदूर दिवस के अवसर पर डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड क्रमांक 11 स्थित पार्षद कार्यालय में पार्षद मोहन साहू द्वारा श्रमवीर भाइयों एवं बहनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की मंडल मंत्री शुभ्रा नामदेव, मोबीन अहमद, मोहम्मद यूसुफ, महेश नामदेव, डोमर नामदेव, राजेश पांडे लोमेश साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### घर से नकदी-जेवर पार

**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने एक घर में हुई चोरी के मामले में अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी इब्राहिम खलील निवासी रविनगर गली 5 ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि किसी अज्ञात चोर उसके मकान में प्रवेश कर आलमारी में रखा सोने का कंगन एवं नकदी 50 हजार रुपए चोरी कर ले गया। चोरी गए कंगन की कीमत 50 हजार रुपए है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### गांजा बेचते दो गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने श्मशानघाट के पास शताब्दी नगर में गांजा बेचते दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 4 किलो 955 ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत 50 हजार रुपए है।

## निधन

### भागा बाई

**रायपुर।** पुरानी बस्ती बंधवापारा सतबहनिया माता मंदिर के पास निवासी भागा बाई का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे विद्युत मंडल से सेवानिवृत मन्नूलाल यादव की माता तथा शिवा यादव, शंभू यादव, भोला यादव की दादी थीं। उनके निधन पर सतबहनिया मंदिर के आचार्य पं. विजय कुमार झा एवं पं. उमेश पांडे, अनिल यादव, लक्ष्मीकांत यादव, कमलेश शर्मा आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



# गर्मी में उबल रहा टंकी का पानी, नल किए बंद, अभनपुर-केंद्री स्टेशन पर पीने का पानी यात्रियों को नसीब नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

अभनपुर रेलवे स्टेशन में ट्रेन का परिचालन शुरू हुए एक महीना बीत गया है, लेकिन यात्रियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था अब तक नहीं हो पाई है। स्टेशन परिसर में दर्जनों नल लगे हैं, परंतु किसी में पानी नहीं आ रहा है। भीषण गर्मी में यात्रियों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। हरिभूमि की टीम जब स्टेशन पहुंची, तो पाया कि शौचालयों में पानी उपलब्ध था, लेकिन पीने के नलों में पानी नहीं। प्रतीक्षालय में पानी की मटकी रखी हुई थी। स्टेशन के एक रेल कर्मी ने बताया कि छत पर लगी टंकी का पानी दोपहर में गर्म हो जाता है, इसलिए नलों को बंद कर दिया गया है। हालांकि, यात्रियों का कहना है कि सुबह के समय भी नलों में पानी नहीं आता।

इसी तरह की स्थिति केंद्री रेलवे स्टेशन में भी देखने को मिली। यहां भी दर्जनों नल लगे हैं, लेकिन किसी में पानी नहीं है। रेलवे कर्मचारियों को भी घर से पानी लाना पड़ रहा है। भारतीय रेलवे ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए देशभर के स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं। हालांकि, अभनपुर और केंद्री जैसे स्टेशनों पर पानी की समस्या बनी हुई है।

## अभनपुर और केंद्री रेलवे स्टेशन पर पीने के पानी की किल्लत, नलों से नहीं आ रहा पानी

### टंकी निर्माण में लगेगा महीनेभर का समय

अभनपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए पीने के पानी की स्थायी व्यवस्था करने की दिशा में काम चल रहा है, लेकिन राहत मिलने में अभी समय लगेगा। फिलहाल स्टेशन पर शौचालयों में जो पानी उपलब्ध है, वह बोरवेल से आने वाला पानी है और उसी टंकी से सप्लाई किया जा रहा है। यात्रियों के लिए 24 घंटे ठंडा और पीने योग्य पानी उपलब्ध कराने के लिए अलग से टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण पूरा होने के बाद नलों से नियमित रूप से पानी मिलने लगेगा और वर्तमान में यात्रियों को हो रही परेशानी से राहत मिल सकेगी।



### यात्रियों को खुद करनी पड़ रही है पानी की व्यवस्था

अभनपुर रेलवे स्टेशन में प्रतिदिन 100 से अधिक यात्रियों की आवाजाही होती है। खासकर सुबह और शाम के समय प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की उपस्थिति अधिक रहती है, जबकि दोपहर के समय स्टेशन लगभग खाली रहता है, क्योंकि उस वक्त कोई ट्रेन नहीं होती। ऐसे में नलों में पानी उपलब्ध न होने की वजह से यात्रियों को पीने के लिए अपनी व्यवस्था खुद करनी पड़ती है। स्थिति यह है कि स्टेशन परिसर के आसपास कोई दुकान भी नहीं है, जहां से पानी खरीदा जा सके। यही हाल केंद्री रेलवे स्टेशन का भी है, जहां यात्री संख्या अपेक्षाकृत कम लगभग 20 प्रतिशत है, लेकिन यहां भी नलों में पानी उपलब्ध नहीं होने से यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### तिल्दा मोहरा मार्ग पर सब्जी मंडी के पास गन्ना जूस दुकान की आड़ में अवैध शराब बिक्री

# पानी मिलाकर नई बोतल में पैक कर दोगुनी कीमत पर बेची जा रही दूसरे राज्य की शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर और बिरगांव क्षेत्र में शराब बोतल के नकली होलोग्राम बनाने के एक रैकेट का पर्दाफाश करने के बाद आबकारी विभाग ने मिलावटी शराब के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। विभागीय टीम ने तिल्दा-मोहरा मार्ग पर सब्जी मंडी के पास एक किराए के गोदाम में छापा मारकर वहां से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बल्क में मध्यप्रदेश की देशी शराब के साथ बल्क में खाली शीशी एवं ढक्कन जब्त किए हैं। अधिकारियों के अनुसार यह व्यक्ति सस्ते दाम पर मध्यप्रदेश से शराब मंगाता था और उसमें पानी मिलाकर उसकी मात्रा बढ़ाकर नई बोतल में पैक कर दोगुनी कीमत पर बेचा करता था।

जिला आबकारी उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि विभाग को 30 अप्रैल को सूचना मिली थी कि तिल्दा-मोहरा मार्ग पर सब्जी मंडी के पास स्थित एक गन्ना के गोदाम से अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है। इस सूचना पर विभाग की टीम ने गोदाम में छापा मारा। इस दौरान गोदाम से 144 पाव मध्यप्रदेश की गोवा व्हिस्की बरामद की, जिसकी मात्रा 25.92 लीटर एवं कीमत 17280 रुपए है। इसके अलावा रीबॉटलिंग करने में प्रयुक्त मसाला पाव के एक हजार ढक्कन, खाली शीशियां एक सौ, प्लास्टिक कुप्पी एक एवं विद्युत टेस्टर बरामद किया गया। यह गोदाम मोहम्मद गुलाब अंसारी नामक व्यक्ति ने किराए पर ले रखा था। वह पेशे से गन्ना का व्यापारी है। गन्ना व्यवसाय की आड़ में वह अवैध शराब का भी कारोबार करता है।

### मोबाइल पर ऑर्डर ट्रक और बस से भेजी जाती है शराब

पूछताछ में अंसारी ने विभाग को यह भी बताया कि वह शराब के ऑर्डर के लिए एक व्यक्ति से मोबाइल पर संपर्क किया करता है। वह व्यक्ति मध्यप्रदेश में रहता है। मोबाइल पर ऑर्डर देने के साथ उसका भुगतान भी ऑनलाइन करता था। इसके बाद आर्डर की शराब को कभी ट्रक से तो कभी यात्री बस से भेजा जाता था।





### दो हजार रुपए पेटी की दर से मंगाता था शराब

अफसरों के मुताबिक पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि वह दो हजार रुपए पेटी की दर से मध्यप्रदेश से देशी शराब मंगाता था। एक पेटी में 46 पौवा शराब होती है। छत्तीसगढ़ में इसी देशी शराब पेटी की कीमत करीब चार हजार आठ सौ रुपए है। अंसारी इस एक पेटी शराब में पानी मिलाकर उसे करीब डेढ़ पेटी बनाता था। यानी 46 बोतल शराब को वह 60 से अधिक बोतल बनाता था। इस तरह इस कारोबार से उसे दोगुनी से भी अधिक कमाई होती थी।

### तिल्दा, बलौदाबाजार सहित कई क्षेत्रों में बेची जा रही शराब

मिलावटी शराब तिल्दा, बलौदाबाजार सहित आसपास लगे कई क्षेत्रों में बेची जा रही है। पूछताछ में यह भी पता चला कि आरोपी खुद तो यह शराब बेचता था, साथ ही इसे बेचने के लिए अन्य कई व्यक्तियों को भी रखा हुआ है। विभाग ने इस मामले में अंसारी का मोबाइल जब्त किया है, जिसकी जांच की जा रही है। अफसरों ने संभावना जताई है कि मोबाइल नंबरों एवं ट्रांसफर की गई राशि से इस कारोबार में संलिप्त दूसरे लोगों की भी पहचान हो पाएगी। फिलहाल इस मामले में आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क )(च )(ज ),34(2),36 एवं 59(क ) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अल्ताफ खान, टेक बहादुर कुर्रे , आबकारी उपनिरीक्षक प्रकाश देशमुख, कौशल सोनी एवं आबकारी आरक्षक राकेश दुबे शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि आबकारी विभाग ने 20 तारीख को टाटीबंध क्षेत्र में ग्राम तेंदुआ स्थित बीएच ढाबा और बिरगांव स्थित लक्ष्मी कॉम्पलेक्स में संचालित गणेश प्रिंटर्स एवं प्रिंटिंग दुकान में छापा मारकर दोनों स्थानों से भारी मात्रा में नकली होलोग्राम सीट, ढक्कन, स्टीकर आदि बरामद कर ढाबा संचालक संकटमोचन सिंह और प्रिंटिंग दुकान संचालक गणेश चौरसिया को गिरफ्तार किया था।

# पानी आपूर्ति का सिस्टम नहीं सुधरने से महापौर नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जलप्रदाय के समय रोज सुबह-शाम आधा-आधा घंटे के बिजली बंद करने निगम आयुक्त विश्वदीप की सिफारिश को लेकर महापौर मीनल चौबे ने कहा है कि बिजली बंद करना इस समस्या का हल नहीं है। निगम के अधिकारी पहले वर्क आउट करें और पूर्व के विकल्प पर ध्यान दें। नल खुलने के समय बिजली बंद करना अंतिम विकल्प है, इस संबंध में निगम आयुक्त को पहले उनसे चर्चा करनी थी, पर ऐसा नहीं किया।

■ नल खुलने के समय बिजली बंद को बताया अंतिम विकल्प

पानी आपूर्ति के समय विद्युत आपूर्ति बंद रखने के निर्णय को महापौर मीनल चौबे ने एक सिरे से खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि निगम के अधिकारी पिछले साल की तरह इस बार भी भीषण गर्मी में जल प्रदाय के समय बिजली बंद रखने के पक्षधर हैं, इसका मतलब ये हुआ कि नगर निगम के अधिकारियों ने इस पर कोई काम नहीं किया। इसका खामियाजा जनता क्यों भुगते? मीनल चौबे ने जल विभाग के अधिकारियों से कहा है कि पहले वर्कआउट करें, फिर जिन इलाकों में पानी का लेवल बहुत ज्यादा नीचे है, उस फेडर का ही लाइट जल प्रदाय के समय बंद रखा जाये, उस पूरे पेच की लाइट बंद नहीं कर सकते। इसके बाकी विकल्पों पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

### जल विभाग के कर्मचारियों ने पहले दिन 3 जोन का किया सर्वे



पानी आपूर्ति के समय विद्युत आपूर्ति बंद रखने के पहले दिन जल विभाग के कर्मचारियों ने गुरुवार को जोन 5 के भक्त कर्मा माता वार्ड और डॉ. खूबचंद बघेल के प्रभावित क्षेत्र, जोन 6 के छत्तीसगढ़ नगर, संजय नगर, टिकरापारा क्षेत्र का सर्वे किया। इसी तरह जोन 8 के सत्यम विहार क्षेत्र के सर्वे कर यह पाया कि संबंधित क्षेत्रों में जल प्रदाय के संबंध विद्युत आपूर्ति बंद रखने से गुरुवार को सुबह के समय घरों में पर्याप्त मात्रा में नलों से पानी पाइप लाइन के टेल एंड तक पहुंचा।

## पेज 11 के शेष

**अंधड़ का तांडव...**
गया है। अप्रैल में 45 डिग्री तक पहुंच चुका पारा 40 डिग्री से नीचे आ गया है। गुरुवार को रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 2.9 डिग्री कम 38.4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.1 डिग्री कम 24.7 डिग्री दर्ज किया गया। सर्वाधिक तापमान दुर्ग जिले में 38.6 डिग्री दर्ज हुआ। सबसे कम तापमान 19.6 डिग्री पेंड्रारोड में दर्ज हुआ। कुटरू में 2 सेमी, छुईखदान, गंडई और खैरागढ़ में एक-एक सेमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

**देवेंद्र नगर : नमस्ते चौक में शेड गिरा-** शहर में सबसे बड़ा हादसा देवेंद्र नगर के नमस्ते चौक में हुआ। यहां राहगीरों को धूप से बचाने के लिए लगाया गया शेड गिर पड़ा। पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने सिग्नल में वाहन चालकों को धूप से बचने के लिए शेड लगाया था। शेड की चपेट में आकर तीन कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। घंटेभर मशक्कत के बाद इन्हें निकाला जा सका। हालांकि किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई।

**कोटा : शिव महापुराण का कथा पंडाल टूटा-** कोटा के डीएन टावर के पास भी आंधी-तूफान की वजह से बड़ा हादसा हो गया। यहां शिवमहापुराण कथा के लिए बनाया गया कथा पंडाल टूटकर तहस-नहस हो गया। इसके अलावा मालवीय रोड, जीई रोड सहित रिंग रोड में लगे अधिकतर होर्डिंग्स अंधड़ का सामना नहीं कर सके। कुछ के चिथड़े उड़ गए तो कुछ हवा में खतरे को आमंत्रण देते हुए लटकते रहे। दुकानों के सामने लगे डिस्प्ले बोर्ड और डमी भी क्षतिग्रस्त हो गए। खम्हारडीह सब्जी बाजार में शेड ही टूट गया। सब्जी विक्रेता अपना सामान लेकर भागे।

**आरडीए कॉलोनी : दरवाजे पर पेड़-टूटकर गिरा, परिवार दो घंटे तक कैद** टिकरापारा स्थित आरडीए कॉलोनी में पेड़ टूटकर एक घर के दरवाजे में गिर गया। पेड़ इतना विशालकाय था कि आने-जाने का रास्ता ही बंद हो गया। पेड़ को हटाए जाने तक लगभग दो घंटे तक पूरा परिवार घर में ही कैद रहा। वहीं दूसरी ओर अक्षय तृतीया पर शहर में थोक में शादियां हुई थीं। इसका रिसेप्शन गुरुवार को रखा गया था। अधिकतर पंडाल उजड़ गए। अंधड़ गुजरने के बाद लोग फिर से इसकी मरम्मत और आयोजन की तैयारियों में जुटे।

**मेयर, अफसर सड़क पर...**
लोक कर्म विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निवेश विभाग और राजस्व विभाग की टीम निगम आयुक्त और सभापति के निर्देश पर जेसीबी मशीन, क्रेन और श्रमवीरों की सहायता से शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गो, बाजार क्षेत्रों, वार्डों के विभिन्न प्रमुख मार्गों में तेज हवा के झोंकों से सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाने अभियान चलाया। तेज आंधी से शहर में कई जगहों पर बड़े होर्डिंग, शेड गिर गिये। सभापति सूर्यकांत राठौर ने देवेंद्र नगर के नमस्ते चौक के सड़क पर गिरे बड़े आकार के शेड को तत्काल हटाने निर्देश दिये। नमस्ते चौक का पूरा शेड गिर पड़ा इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन नीचे से गुजर रही एक कार चपेट में आ गयी। हालाकि इसमें किसी को चोट नहीं आई। प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 1 में पेड़ गिरने की शिकायत आयी। डीडीनगर अलग-अलग में 100 से ज्यादा पेड़ गिर गये। इस कंचनगंगा, सात दुकान मुख्य मार्ग में यातायात बाधित रहा। विद्यापति गार्डन सेक्टर 2 गार्डन में बड़े पेड़ धराशायी हो गये। वार्ड पार्षद आशु चंद्रवंशी की सूचना पर निगम की टीम गिरे हुये पेड़ को वहां से हटाने पहुंची। डगनिया, शांतिविहार, डीडीनगर, शिक्षक कालोनी, सुंदर नगर में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही।

**ओएचई फेल से...**
और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**नागपुर मंडल में रोकी गईं**
1. 07255 चंद्रपुर - पटना – रसमड़ा स्टेशन पर 17:14 बजे से रोकी गई।
2. 22865 लोकमान्य तिलक टर्मिनस - पुरी – रसमड़ा स्टेशन के बाहर 17:15 बजे से रोकी गई।
3. 20826 नागपुर - विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस – राजनांदगांव स्टेशन पर 17:30 बजे से रोकी गई।
4. 18029 लोकमान्य तिलक टर्मिनस - शालीमार– मुसरा स्टेशन पर 17:35 बजे से रोकी गई।
5. 22816 एर्नाकुलम - बिलासपुर – डोंगरगढ़ स्टेशन पर 17:35 बजे से रोकी गई।

**प्रवेश परीक्षा के आखिरी...**
ने अपनी शिकायत लिखित में केंद्राध्यक्षों को सौंपी है। इस पर व्यापम की कोई प्रतिक्रिया अब तक नहीं आई है। सूत्रों के अनुसार, फिलहाल ये शिकायत केंद्राध्यक्षों को ही छात्रों ने लिखकर दिए हैं। अब इन्हें व्यापम को प्रेषित किया जाएगा। इसके बाद ही कोई कार्रवाई की जाएगी।

**एक जिला, दो...**
आदेश में कहा है कि सुबह 7.30 से 9.30 तक समर कैंप आयोजित किया जाए। कैंप में बच्चों के विकास के लिए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित कराने कहा गया है। डीपीआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि इसके लिए कोई पृथक बजट देय नहीं होगा। जिले स्तर पर उपलब्ध साधनों से ही इसका आयोजन कराना होगा।

**भारत माला घोटाला में...**
को पहली बार कोर्ट में पेश करने के बाद पूछताछ के लिए ईओडब्ल्यू ने रिमांड पर लिया था। इन सभी को पुनः कोर्ट में पेश किया गया।

# महापुरुषों की प्रतिमा पर जमी धूल की परत हटाने ठंडे पानी की फुहार दे रहा स्मॉग गन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

दिल्ली, मुंबई सहित अन्य मेट्रो सिटी की तर्ज पर राजधानी के प्रमुख चौराहों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमा की धुलाई और सफाई अब स्मॉग गन से होने लगी है। आधुनिक मशीन में पानी की फुहार के साथ प्रतिमा पर जमी धूल की परत को साफ करते हुए उसे स्वच्छ किया जाता है। यही नहीं, शहर के डिवाइडर पर जमी मिट्टी, धूल की परत को पानी की महीन बूंदों से साफ कर वायु प्रदूषण नियंत्रण करने का काम किया जा रहा है। नगर निगम ने एक साल पहले यह मशीन खरीदी है, जो कि इन दिनों राशि से शहर के भीड़ वाली जगहों पर वायु प्रदूषण नियंत्रण करने स्मॉग टॉवर मशीन खरीदी है, जो कि एक निश्चित प्रेशर के साथ धूल के बारीक कणों को हटाकर इसे साफ करती है। शहर के ऐसे स्थान जहां हवा में धूल मिट्टी की मात्रा ज्यादा है, वहां स्मॉग गन का इस्तेमाल किया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि दिल्ली जैसे शहर में जहां बहुमंजिला व्यावसायिक इमारतें बनी हैं, वहां के बिल्डर बहुमंजिला परिसर को साफ-सुथरा रखने नियमित रूप से स्मॉग गन का उपयोग करते हैं। इससे परिसर में वायु प्रदूषण कम होने के साथ ही धूल के महीन कण से अस्थमा होने का अंदेशा नहीं रहता।




राजधानी की सड़कों पर पानी की फुहार से प्रतिमाओं की सफाई करती देखी जा सकती है। रायपुर नगर निगम ने पंद्रहवें वित्त आयोग से प्राप्त


**: आम सूचना :**

मेसर्स एल.सी. ब्रिक्स इंडस्ट्रिज प्रो. श्री टीकम चंद प्रीतवानी आत्मज बालकृष्ण प्रीतवानी कार्यलय-द्वितीय तल साईं टावर, आमापारा, रायपुर को ग्राम बेरलाकला, तहसील बेरला, जिला बेमेतरा (छ.ग.) के राजस्व खसरा न. 701/1, 707/3 से 5, 707/7, 790, 791, 798, 799, 800, 803, 804, 805, 806, 807, 808 पी, 810 पी, 811 पी, 814, 815, 834, 839, 840/1 व 2 कुल रकबा 4.62 हेक्टेयर क्षेत्र पर मिट्टी उत्खनन एवं ईट उत्पादन के लिए खनिज विभाग बेमेतरा से उत्खनि पट्टा दिनांक 14/01/2004 से 13/01/2034 तक 30 वर्ष हेतु स्वीकृति प्राप्त है।

पूर्व में यह खदान श्री लालचंद प्रीतवानी आत्मज स्व. श्री नेभामल प्रीतवानी निवासी समता कालोनी, रायपुर को स्वीकृत थी जिसका नियमानुसार लीज अंतरण श्री लालचंद प्रीतवानी से मेसर्स एल.सी. ब्रिक्स इंडस्ट्रिज प्रो. श्री टीकम चंद प्रीतवानी को हो चुका है।

**L. C. BRICKS INDUSTRIES**
**2ND Floor, Sai Tower, Beside Azad Chowk Thana Aamapara, Raipur (CG)**
**Mob. - 9300017455**

**आम सूचना**

श्री जितेंद्र प्रीतवानी आत्मज बालकृष्ण प्रीतवानी निवासी मकान नं. 01, पार्क स्ट्रीट 3, चौबे कालोनी, रायपुर को ग्राम बेरलाकला, तहसील बेरला, जिला बेमेतरा (छ.ग.) के राजस्व ख. न. 711, 774/1, 774/2, 774/3, 774/4, 774/5, 777, 778, 794 कुल रकबा 1.59 हेक्टेयर क्षेत्र पर मिट्टी उत्खनन एवं ईट उत्पादन के लिए खनिज विभाग बेमेतरा से उत्खनि पट्टा दिनांक 19/10/2004 से 18/10/2034 तक 30 वर्ष हेतु स्वीकृति प्राप्त है।

पूर्व में यह खदान श्री रवि प्रीतवानी आत्मज श्री गोवर्धन दास प्रीतवानी निवासी मकान नं. सी-142, शैलेन्द्र नगर, रायपुर को स्वीकृत थी जिसका नियमानुसार लीज अंतरण श्री रवि प्रीतवानी से जितेंद्र प्रीतवानी को हो चुका है।

**JITENDRA PRITWANI**
**3rd Floor Sai Tower, beside Azad Chouk Police thana, Amapara, Raipur (C.G.)**
**Mo.- 9329102232**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मण्डल द्वारा निर्मित अटल आवास बेलभाठा अभनपुर, रायपुर में भवन क्रमांक -373, श्री नारायण प्रसाद पाण्डेय पिता स्व. श्री रामनिधी पाण्डेय, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 17.09.2010 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री नारायण प्रसाद पाण्डेय पिता स्व. श्री रामनिधी पाण्डेय, निवासीः- विध्यवासिनी नगर अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमति रानी मिश्रा पति श्री कमल नारायण मिश्रा, निवासीः- वार्ड नं.-03, राम जानकी मंदिर, अभनपुर, तहसील- अभनपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अटल आवास बेलभाठा अभनपुर, रायपुर में भवन क्रमांक- 373, विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम कोलर, प.ह.नं. 10
रा.प्र.क्र. 202504116300026 / अ-27 / 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोपीकृष्ण चन्द्राकर पिता स्व. बुद्धेश्वर प्रसाद चन्द्राकर निवासी ग्राम कोलर तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम कोलर प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 210/3, 244/3 रकबा क्रमशः 10.59, 0.097 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा अपने जीवनकाल में अपने पत्नी पुष्पा चन्द्राकर पति गोपीकृष्ण चन्द्राकर को 1.80 हे., पुत्री हर्षा चन्द्राकर पिता गोपीकृष्ण चन्द्राकर को 1.80 हे., पुत्र सागर चन्द्राकर पिता गोपीकृष्ण 1.80 हे. भूमि को बंटवारा के रूप मे प्रदान किये जाने एवं शेष भूमि अपने नाम पर यथावत रखे जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त आवेदन RD 20232441628600032 सीरीज में दर्ज किया गया था किन्तु साक्ष्य का विषय होने के कारण प्रकरण न्यायालय के ई-कोर्ट मे दर्ज किया गया। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 14/05/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 28/04/2025 को जारी किया गया।

मुहर
अति तहसीलदार
उप तहसील खोरपा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर (छ.ग.)**

**/ / उपस्थिति हेतु सूचना //**

राजस्व अपील प्रकरण क्रमांक 202408111000379/अ-8/वर्ष 2023-24

प्रति,

डॉ लक्ष्मण भारती पिता स्व. छेदीलाल भारती, निवासी- सेजबहार, व्याहा माना कैम्प रायपुर, तहसील व जिला रायपुर

इस न्यायालय के विचाराधीन प्रकरण क्रमांक 202408111000379/ अ-6/वर्ष 2023-24 ग्राम-जरवाय उर्फ हीरापुर, प.ह.नं. 34 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नं. 535/1 रकबा 0.012 हे. भूमि के संबंध में अपीलार्थी पन्नालाल गायकवाड पिता स्व. खेलसिंह निवासी-वीर सावरकर नगर गणपत चौक हीरापुर रायपुर (छ.ग.) द्वारा अपील प्रस्तुत किया गया है, जिसकी सुनवाई में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अतः आप सुनवाई दिनांक 05/05/2025 को समय 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। उक्त नियत सुनवाई तिथि में अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 21/04/2025 को जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
रायपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

पत्र क्रं/18218/न.पा. नि./जोन क्रं. 10/2025
रायपुर, दिनांक 26-04-2025
नामांतरण प्र.क्र. 18218
वार्ड का नाम - 52, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446N00615 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DEVIKA CHAKRABORTI पिता/पति श्री/ श्रीमती TAPAN CHAKRABORTI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Nilima Satpathy पिता/पति श्री/ श्रीमती Suvendu Kumar Satpathy ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है। प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री विवेकानन्द दुबे
(जोन कमिश्नर)

**// आम सूचना //**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा विशेष आवासीय योजना धरमपुरा फेस-01, में भूखण्ड क्रमांक-101, श्री शिशुपाल शोरी पिता स्व. श्री बंशीलाल शोरी के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक 376 दिनांक 07.12.2006 के माध्यम से आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भूखण्ड का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 15.03.2008 को सेल-डीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 24.02.2014 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण-विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को श्री अनुराग राठी पिता श्री दिलीप राठी, निवासीः- एम.आई.जी.-585, स्ट्रीट नं.-11, वार्ड नं.- 46, पद्मनाभपुर, जिला- दुर्ग (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 09.04.2025 को विक्रय-विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया गया है। क्रेता श्री अनुराग राठी पिता श्री दिलीप राठी, द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर मण्डल के अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूखण्ड का फ्री-होल्ड उपरांत मण्डल के अभिलेखों में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

**NAME CHANGE**

I, Ankit Kumar, S/o Bijendra Singh, residing at C-83, Sai Ashirwad Pride City, Phase-1, Pacheda-1, Raipur (C.G.), Pin Code-492101, hereby declare that my former name was Ankit Balmiki.

I have changed my name to Ankit Kumar for personal reasons.

Henceforth, I shall be known as Ankit Kumar in all records, documents, and for all official purposes. Ankit Balmiki and Ankit Kumar refer to one and the same person-myself.

Deponent
Ankit Kumar

HEALTH TOWN

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◄ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अर्पण दिव्यांग स्कूल में सभाकक्ष का उद्घाटन

**रायपुर।** अर्पण कल्याण समिति द्वारा सेक्टर वन, बजाज कॉलोनी न्यू राजेन्द्र नगर में संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल भवन में बहुउद्देशीय सभाकक्ष का उद्घाटन किया गया है। रेसोनेट राउंड टेल 312 तथा रायपुर रेसोनेट लेडीज सर्कल 180 के सहयोग से निर्मित इस वातानुकूलित सभाकक्ष में दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से निखारने में मदद मिलेगी। वर्कशॉप के माध्यम से सांकेतिक भाषा में उनके हुनर का विकास किया जा सकेगा। सभाकक्ष का उद्घाटन मनीषा तुलस्यान प्रेसिडेंट लेडीज सर्कल ने किया।

### कांग्रेस के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा टोल नाके में लगा सेट

**रायपुर।** देवेंद्र नगर में आंधी-तूफान से सड़क पर राहगीरों के लिए बना शेड गिर गया। इसमें कई कारें भी नीचे दब गईं। रेस्क्यू किया जा रहा है। जेसीबी की मदद से टीन शेड हटाने का काम किया गया। इस वजह से गर्मी और उमस से राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन अंधड़ और बारिश का अलर्ट जारी किया है। रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि थोड़े से हवा-तूफान से टोल पर लगे शेड का टूट जाना ये कांग्रेस के भ्रष्टाचार की निशानी है। श्री मिश्रा ने कहा कि ये शेड कांग्रेस कार्यकाल में लगा था, जो कि अल्प समय में ही दम तोड़ दिया। देवेंद्र नगर रोड पर टोल नाके का शेड आंधी त फान के चलते गिर गया है, इस हादसे के कारण आवागमन प्रभावित हो गया है।



# ये कैसी उल्टी चाल? रविवि अब ऑनलाइन नहीं ऑफलाइन लेगा प्रवेश परीक्षाएं, कारण-अज्ञात!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

नैक ग्रेडिंग में ए श्रेणी से फिसलकर बी ग्रेड में पहुंच चुके रविवि की उल्टी चाल किसी को समझ में नहीं आ रही है। रविवि ने आदेश जारी कर यह स्पष्ट किया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विवि अध्ययनशाला में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा ऑनलाइन नहीं होकर ऑफलाइन मोड में होगी।

रविवि द्वारा शैक्षणिक सत्र 202-21 से प्रवेश परीक्षाओं को ऑनलाइन कर दिया गया है। जिन अज्ञात कारणों से विवि द्वारा यह फैसला लिया गया है, उसे अब तक स्पष्ट नहीं किया गया है। प्रवेश परीक्षाएं 22 से 24 मई तक दो पालियों में होगी। विवि ने इसके लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत अधिकतर कार्यों को पेन-पेपरलेस करने अर्थात ऑनलाइन मोड में संचालित करने प्रोत्साहित किया गया है। प्रवेश परीक्षाओं में बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाते हैं। छात्रों को प्रश्न के दिए गए 4 विकल्पों में से सही उत्तर का चुनाव करना होता है। ऑनलाइन प्रवेश परीक्षाओं में जांच के दौरान छात्रों को अतिरिक्त अंक दिए जाने अथवा किसी तरह की हेर-फेर की आशंका कम होती है। नई व्यवस्था से इनकी आशंका फिर बढ़ जाएगी।

### प्रश्नपत्र छपाई-उत्तरपुस्तिका का अतिरिक्त खर्च

ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को अपने साथ मोबाइल या लैपटॉप लेकर आना होता था। रविवि द्वारा विद्यार्थियों को एक लिंक दिया जाता था। इस लिंक में क्लिक करने के साथ ही प्रश्नपत्र खुल जाता था, जिसे तय समय में हल करके छात्रों को ऑनलाइन ही सब्मिट करना होता था। इस दौरान रविवि द्वारा जैमर लगाया जाता था, जिससे छात्र लिंक के अलावा गूगल, यू-ट्यूब अथवा कोई भी अन्य वेबसाइट नकल के लिए नहीं खोल पाते थे। पूर्व कुलसचिव डॉ.गिरीशकांत पांडेय के कार्यकाल में यह प्रयोग किया गया था। अब सिस्टम ऑनलाइन किए जाने के बाद रविवि को प्रश्नपत्र छपाई तथा उत्तरपुस्तिका अथवा ओएमआर शीट का अतिरिक्त व्यय भी उठाना पड़ेगा।



- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत चीजों को ऑनलाइन करने पर फोकस
- शैक्षणिक सत्र 2020-21 से ऑनलाइन मोड में आयोजित हो रही हैं प्रवेश परीक्षाएं

### प्रबंधन ने स्पष्ट नहीं किया कारण

रविवि द्वारा ऑनलाइन परीक्षाओं को ऑफलाइन मोड में कराए जाने का आदेश तो जारी कर दिया गया है, लेकिन इसके पीछे का कारण स्पष्ट नहीं किया गया है। सत्र 2025-26 में यह पहली बार नहीं है, जब रविवि की प्रवेश परीक्षाएं विवादों में हैं। इसके पूर्व निशुल्क परीक्षा को सशुल्क किए जाने और मनमानी राशि लिए जाने को लेकर भी विवाद हुआ था। छात्रों द्वारा व्यापक पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन के बाद रविवि ने प्रवेश परीक्षा की राशि में कटौती की थी।

## नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर एक दिवसीय ध्यानाकर्षण आंदोलन

# उद्यानिकी विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश उद्यानिकी दैनिक वेतनभोगी श्रमिक संघ के आव्हान पर नियमितीकरण, स्थायीकरण की मांग को लेकर प्रदेशभर से उद्यानिकी विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी धरना स्थल से मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने निकले, जिसे पुलिस प्रशासन ने रेलवे ब्रिज के पास आगे बढ़ने से रोक दिया।

मई दिवस के अवसर पर गुरुवार को उद्यानिकी विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया। नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर प्रदेश भर से बड़ी संख्या में कर्मचारी एकजुट हुए। शासन का ध्यान आकर्षित कराने हड़ताली कर्मचारियों ने धरना स्थल पर नारेबाजी कर अपने हक की आवाज बुलंद की। संघ के प्रदेश अध्यक्ष चितरंजन दास, प्रदेश महामंत्री विजय पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष कुलेश्वर यादव ने बताया कि एक दिवसीय ध्यान आकर्षण आंदोलन कर नियमितीकरण और स्थायीकरण की मांग की है।

धरना प्रदर्शन में प्रदेशभर से उद्यानिकी विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी शामिल रहे। इस आंदोलन को वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार सिन्हा, जलसंसाधन विभाग दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज सोना ने समर्थन दिया है।




- पुलिस ने रेलवे ब्रिज के पास आगे बढ़ने से रोका
- सीएम हाउस घेराव के लिए निकाली रैली

### प्रमुख मांग इस तरह

- नियमितीकरण, स्थायीकरण।
- न्यूनतम वेतन अधिनियम के अंतर्गत नियत मजदूरी की न्यूनतम दरों का पुनरीक्षण करने की मांग।
- उद्यानिकी विभाग में शासकीय अवकाश के दिन श्रम अधिनियम के तहत श्रमिक, कर्मचारी को अन्य विभागों के श्रमिक, कर्मचारियों की तरह विभाग में शासकीय अवकाश वेतन सहित दिया जाये।
- 01 मई मजदूर दिवस के दिन श्रमिक कर्मचारी के लिये संवैतनिक अवकाश घोषित करने की मांग।

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

4 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे उद्यानिकी विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष चितरंजन दास का कहना है कि आंदोलन के संबंध में बैठक कर आगे की रणनीति जल्द तय की जायेगी।

# रावांभाठा में लोगों को मिलेगी सुविधा 50 लाख में बनेगा सांस्कृतिक भवन






हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- ग्रामीण विधायक ने किया 1.20 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन

बिरगांव निगम के अंतर्गत रावांभाठा वार्ड में रहने वाले लोगों को कई विकास कार्यों की सौगात मिली है। ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने एक करोड़ 20 लाख 31 हजार में होने वाले कार्यों का भूमि पूजन किया। इसमें 50 लाख की लागत से जहां सांस्कृतिक भवन का निर्माण होगा। वहीं 55.55 लाख की लागत से सीसी रोड की सुविधा लोगों को मिलेगी।

निगम के नेता प्रतिपक्ष एवं वार्ड 14 के पार्षद ओमप्रकाश साहू ने बताया कि लगातार विधायक मोतीलाल साहू से नई सुविधाओं की मांग की जा रही थी। इसे देखते हुए राज्य परिवर्तित मद अंतर्गत 50 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इससे वार्ड वासियों को छोटे-बड़े आयोजनों के लिए भव्य एवं सुसज्जित सांस्कृतिक भवन की सुविधा मिलेगी। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि रावांभाठा मैदान में 28 दिसंबर से 01 जनवरी तक हर साल मानस महोत्सव व मड़ई मेला होता है। इस वर्ष समिति ने रजत जयंती मनाया है। वार्ड के सभी धार्मिक आयोजन गीता भागवत, रामायण, माता जस झांकी, सुवा गीत एवं सामाजिक आयोजन, अखाड़ा, कबड्डी,खो-खो का आयोजन इस मैदान में होता है। इन सभी कार्यों को सम्पन्न करने में असुविधा हो रही थी, इसके लिए एक भवन की जरूरत थी।

### वार्ड के लोगों को मिलेगी सुविधा

वार्ड के डोंगिया तालाब में हनुमान मदिंर के पास 3.50 लाख में पचरी निर्माण के साथ ही वार्ड 14 की विभिन्न गलियों में 55.55 लाख की लागत से सीसी रोड और 5 लाख में निषाद भवन बनेगा। साहडा देव चौक पानी टंकी के पास सामुदायिक भवन निर्माण 6.26 लाख में होगा। निषाद पारा में रंगमंच बनाने के लिए 4.46 लाख का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर महापौर नंदलाल देवांगन, नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू,भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश साहू,भागीरथी यादव, होरीलाल देवांगन, पतिराम साहू प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## बगैर पंखा-कूलर पढ़ाई, उबले छात्रों ने कहा- गर्मी दोबारा बढ़ने से पहले करें व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गर्मी से जूझ रहे छात्रों का धैर्य आखिरकार गुरुवार को टूट ही पड़ा। दर्जनों की संख्या में रविवि के प्रशासनिक भवन को घेरने पहुंचे विद्यार्थियों ने प्रबंधन से मांग करते हुए कहा कि मौसम बदलने के पूर्व कूलर और पंखे की व्यवस्था की जाए। रविवि अध्ययनशाला सहित हॉस्टल में बुनियादी समस्याओं को सामने रखते हुए छात्रों ने घंटेभर तक नारेबाजी की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। बीते चार दिनों से परिषद के कार्यकर्ता विभिन्न विभागों में जाकर छात्रों से संपर्क कर उनकी समस्याओं को संकलित कर रहे थे। गुरुवार को इन सभी समस्याओं को लेकर अभाविप ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव शैलेंद्र पटेल को ज्ञापन सौंपा और त्वरित समाधान की मांग की। एबीवीपी का कहना है, जब नैक टीम आती है, तब ही व्यवस्थाएं सुधारने का दिखावा किया जाता है, लेकिन बाद में छात्रों को असुविधा ही झेलनी पड़ती है। ओम साहू, आशीष सिन्हा, जीतेश नेताम, प्रवीण मिश्र, भूषण, दिव्य, मुस्कान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं छात्र उपस्थित रहे।



## सिंधी काउंसिल की टीम ने मनाया सांसद बृजमोहन का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के पदाधिकारियों ने रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल का जन्मदिन मनाया और बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से लंबी आयु की कामना की। जन्मदिन पर बधाई देने वालों में सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, संजय रहेजा, विक्की लोहाना, सुनील कुकरेजा, पार्षद अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, राजेश थोरानी, नितिन कृष्णानी, धनेश मटलानी, चंदर देवानी, रितेश वाधवा, तेजकुमार बजाज, निलेश तारवानी, विशाल नारंग, मनीष थारानी, दीपक रामनानी, रिंकू लखीसरानी, हेमंत सेवलानी, जीतू लोहाना, गौतम रेलवानी सहित टीम शामिल रही।



## बिजनेस साइट

## फन फेयर एयरलाइंस डिज्नीलैंड मेला का आगाज



**रायपुर।** अग्रसेन चौक तेलघानी नाका के समीप स्थित भैंसथान में इस बार गर्मी की छुट्टियों को खास बनाने के लिए 'फन फेयर एयरलाइंस' थीम पर आधारित भव्य मेला लगाया गया है। मेले का सबसे बड़ा आकर्षण इसकी अनूठी एयरलाइंस थीम है। प्रवेश द्वार को विशाल एरोप्लेन का रूप दिया गया है, जिससे आगंतुकों को ऐसा अनुभव होता है, मानो वे किसी हवाई अड्डे पर पहुंच गए हों।

मेले में रोमांच-प्रेमियों के लिए विशाल डबल डिस्क फ्रीजबी, ड्रैगन ट्रेन, फेरिस व्हील सहित कई झूले आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मनोरंजन के साथ-साथ यहां खाने-पीने और खरीदारी का भी भरपूर इंतजाम है। स्ट्रीट फूड, आइसक्रीम, चाट-पकौड़ी से लेकर कपड़े, खिलौने, हस्तशिल्प और घरेलू सामानों तक की खरीदारी के लिए विशेष स्टॉल्स लगाए गए हैं। यह डिज्नीलैंड जैसा थीम पार्क प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक खुला रहेगा। आयोजकों ने रायपुरवासियों से आग्रह किया है कि वे अपने परिवार और मित्रों के साथ इस मेले का आनंद लें और गर्मी की छुट्टियों को यादगार बनाएं।

## स्वदेशी खादी महोत्सव में जुटे देशभर के बुनकर एक छत के नीचे एक लाख से अधिक वैरायटीज

**रायपुर।** रायपुर के सिविल लाइंस स्थित गॉस मेमोरियल मैदान में 27 अप्रैल से 25 मई तक स्वदेशी खादी महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में देशभर से आए बुनकरों और शिल्पकारों द्वारा निर्मित पारंपरिक एवं आधुनिक खादी वस्त्रों और हस्तशिल्प उत्पादों का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। खादी कुर्तों से लेकर कश्मीरी पश्मीना साड़ियों, असम सिल्क, लखनवी चिकनकारी, बनारसी सिल्क, हैदराबादी कॉटन, जयपुरी कपड़े, मोजड़ी, जूट बैग, अचार, पापड़ और पिलखुआ एवं झांसी की आकर्षक बेडशीट्स तक यहां हर राज्य की खासियत उपलब्ध है। आयोजकों के अनुसार, हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों पर 10 से 20 प्रतिशत तक की छूट भी दी जा रही है, जिससे लोगों को गुणवत्ता और किफायत दोनों का लाभ मिल रहा है। प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक खुली रहेगी।




### जन्मदिन पर पूजा और हवन



**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल के जन्मदिन पर सिविल लाइंस मंडल के 6 वार्ड के सभी कार्यकर्ता, पार्षद, एमआईसी मेंबर एवं जोन अध्यक्ष ने बंगले में पहुंचकर केक कटवाया एवं बधाईयां भी दीं। इस अवसर पर पूजा एवं एवं हवन कार्यक्रम रखा गया। मुख्य रूप से अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, बद्री गुप्ता, संतोष साहू, प्रदीप वर्मा, अंबर अग्रवाल, ललित जैसिंघ, तेज कुमार बजाज, राजेश थौरानी, राजेश जैन समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों और पार्षद ने मनाया सांसद का जन्मदिन



**रायपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद बृजमोहन अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर वार्ड क्रमांक 67 से भाजपा पार्षद ममता सोनू तिवारी एवं उनके पति भाजपा नेता एवं युवा उद्यमी सोनू तिवारी अपने कई समर्थकों के साथ जन्मदिन की बधाई देने उनके निवास पर पहुंचे। इस अवसर पर दोनों ने एक-दूसरे को केक खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर पार्षद ममता सोनू तिवारी, आदि उपस्थित थे।

## देर रात घर के बाहर बैठे चार युवकों को पुलिस कर्मियों ने डंडे से पीटा, एसएसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राजधानी रायपुर के टिकरापारा इलाके के संतोषीनगर में देर रात घर के बाहर बैठे चार लोगों की पुलिस कर्मियों ने डंडे से पिटाई कर दी। पिटाई का कारण देर रात तक घर के बाहर ग्रुप में बैठे रहना बताया जा रहा है। इस मारपीट में चार लोगों को चोटें आई हैं। पीड़ितों ने इस मामले में मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ एसएसपी लाल उमेद सिंह से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि ड्यूटी के दौरान सभी पुलिस कर्मी शराब के नशे में थे।

घटना 30 अप्रैल को संतोषीनगर के तरुण बाजार के पास की है। यहां रहने वाला लक्ष्मण कौशल, लोकेश साहू, मो. जिसान एवं ऋषि साहू ने एसएसपी से की गई शिकायत में बताया है कि वे चारों घर के बाहर परिसर के पास बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान रात करीब 11.30 बजे पुलिस की गाड़ी वहां पहुंची, जिसमें से उतरे तीन पुलिस कर्मियों ने उनसे पूछा कि इतनी रात को यहां क्यों बैठे हो। इससे पहले कि वे उन्हें वहां बैठने का कारण बताते तीनों पुलिस कर्मियों ने उनसे गाली-गलौज कर उन पर लाठियां बरसाना शुरू कर दी। इस मारपीट में लक्ष्मण, लोकेश का हाथ, जिशान का पैर एवं ऋषि की पसली पर गंभीर चोटें आई हैं।

चारों ने शिकायत में यह भी आरोप लगाया है कि घटना के दौरान तीनों पुलिस कर्मी शराब के नशे में थे। मारपीट के दौरान उन्हें अपनी जान बचाने के लिए वहां से भागना पड़ा।

### घटना का वीडियो फूटेज आया सामने

इस घटना के बाद पीड़ितों ने घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी निकलवाए हैं, जिसमें यह पूरी घटना कैद है। इस विडियो में यह दिखाई भी दे रहा है कि पुलिस कर्मियों ने डंडों से इन सभी को पीटा है। हालांकि पीटने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। इधर इस मामले में एसएसपी लाल उमेद सिंह ने कहा कि इस मामले की शिकायत आई है। इसकी जांच करेंगे। इधर पुलिस सूत्रों की मानें, तो जिन लोगों के साथ मारपीट की गई है, उनमें एक युवक बदमाश प्रवृत्ति का बताया जा रहा है। हालांकि पूरे मामले की जांच के बाद ही पता चलेगा कि आखिर चारों के साथ मारपीट क्यों की गई है और क्या घटना के दौरान पुलिस कर्मी शराब पीए हुए थे या नहीं।

### सांसद के जन्मदिन पर डीकेएस अस्पताल में बांटा भोजन



**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा नेता राजकुमार राठी की अगवाई में गुरुवार शाम डीकेएस अस्पताल परिसर में मरीज के परिजनों को भोजन वितरित किया। साथ ही सांसद श्री अग्रवाल के दीर्घायु होने की कामना की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संतोष श्रीवास्तव, सुब्रत घोष, दिनेश कमनानी, साहस होतवानी, नरेश रोहरा, हर्षित लालवानी, नमन वाधवानी, मानव वीरानी मौजूद रहे।




## यूको बैंक ने समाप्त वित्तीय वर्ष में दर्ज की उल्लेखनीय वृद्धि

यूको बैंक
UCO BANK

**रायपुर।** 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष में यूको बैंक ने अपने कुल कारोबार, लाभ और ऋण संवितरण के क्षेत्र में प्रभावशाली प्रदर्शन दर्ज किया है। बैंक का कुल कारोबार 14.12% की वृद्धि के साथ बढ़कर 5,13,527 करोड़ हो गया। बैंक की कुल जमाराशि 11.56% बढ़कर 2,93,542 करोड़ पहुंच गई, जबकि सकल अग्रिम 17.72% की वृद्धि के साथ 2,19,985 करोड़ हो गया। बैंक के आरएएम पोर्टफोलियो में 25.74% की वार्षिक वृद्धि हुई है, जो 1,22,613 करोड़ तक पहुंच गया। इसमें रिटेल अग्रिमों में 35.09%, कृषि क्षेत्र में 20.02% और एमएसएमई क्षेत्र में 18.55% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

## उड़ान-2025 : आंजनेय विवि का सांस्कृतिक उत्सव रंगबिरंगी प्रस्तुति के साथ सम्पन्न





- छात्रों ने लोककलाओं के माध्यम से बिखेरा भारत की विविधता का रंग

**रायपुर।** आंजनेय विश्वविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'उड़ान-2025' का भव्य आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस वर्ष वार्षिक उत्सव की थीम 'रंगीलो भारत' रही, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने मराठी, तेलुगु सहित अन्य राज्यों की लोककला को नृत्य, संगीत, नाटक और अन्य कलात्मक प्रस्तुतियों के जरिए जीवंत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्ति तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसमें जीवन मूल्यों और कौशल का समावेश जरूरी है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा बीते वर्षों में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि बृजमोहन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि विजय कुमार गोयल, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अभिषेक अग्रवाल, कुलपति डॉ. टी. रामाराव एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया।

हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 02 मई 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

04

इन अभिनेत्रियों के चिकनकारी ...

## जॉब अलर्ट

### सहायक विकास विस्तार अधिकारी के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन का आज अंतिम दिन




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने सहायक विकास विस्तार अधिकारी के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी 2 मई 2025 शाम 5 बजे तक आधिकारिक वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के माध्यम से कुल 200 रिक्त पदों पर भर्तियां की जानी है। आवेदनकर्ता के पास किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन की डिग्री होनी आवश्यक है। साथ ही ग्रामीण विकास में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा के अंकों को 85% वेटेज मिलेगा, जबकि ग्रामीण विकास की योग्यता रखने वालों को अतिरिक्त 15 अंक दिए जाएंगे। आयुसीमा की बात करें तो आवेदक की न्यूनतम आयु 20 वर्ष और अधिकतम आयु 30 वर्ष (1 जनवरी 2025 को आधार मानते हुए) निर्धारित की गई है। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार आयु में छूट दी जाएगी।

#### ऐसे कर सकते हैं आवेदन

आवेदन करने के लिए आधिकारिक वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर जाएं। वेबसाइट के होमपेज पर "ऑनलाइन एप्लिकेशन" सेक्शन में जाएं। AVDO पद के सामने दिए गए आवेदन लिंक पर क्लिक करें। आवश्यक विवरण भरकर रजिस्ट्रेशन करें। जरूरी दस्तावेज अपलोड करें और फॉर्म जमा करें। आवेदन पत्र का एक प्रिंट आउट सुरक्षित रख लें।

#### महत्वपूर्ण तिथियां

आवेदन की अंतिम तिथि: 2 मई 2025 (शाम 5 बजे तक)
सुधार (करेक्शन) विंडो: 3 से 5 मई 2025
परीक्षा तिथि (संभावित): 15 जून 2025
एडमिट कार्ड जारी होने की तिथि: 6 जून 2025

## राजधानी सहित प्रदेश में बदलते मौसम की मार से बिगड़ रही लोगों की सेहत, ओपीडी में बढ़ रहे पेशेंट

# गर्मी-बारिश का डबल अटैक, कमजोर इम्यूनिटी वालों को लू से खतरा, अस्थमा पेशेंट न लें रिस्क

*जिस तरीके से तपती धूप के बीच मौसम रोज करवट ले रहा और वायरल अटैक की स्थिति बन रही है। इससे बच्चे और बुजुर्ग ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। एक्सपर्ट तेज धूम में बच्चों को सुबह 11 से शाम 4 बजे के बीच बाहर खेलने से बचाने की सलाह दे रहे हैं। वहीं अस्थमा पेशेंट को समस्या होने पर डाक्टर्स की सलाह लेने कह रहे हैं। कुछ ऐसी ही हिदायत बीपी, शुगर,थायराइड, उल्टी-दस्त, डिहाईड्रेशन होने पर त्वरित जांच के लिए सलाह दे रहे हैं।*

**रायपुर।** सुबह 10 बजे के बाद से धूप चुभने लगती है। घर में होने पर भी लोगों को गर्मी का एहसास होने लगता है। इस स्थिति के बाद शाम होते ही आंधी-तूफान के साथ बूंदाबांदी लोगों की सेहत बिगाड़ रही है।इससे बच्चों और बुजुर्गों की समस्या बढ़ने लगी है। इनके पेशेंट भी अम्बेडकर अस्पताल की ओपीडी में रोज बढ़ रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा पीड़ित के रूप में बच्चे और अस्थमा पेशेंट पहुंच रहे हैं। डाक्टर्स उन्हें दवा के साथ संयमित खान-पान और बाहरी चीजों का सेवन करने से बचने की सलाह दे रहे हैं। साथ ही ठंडा पेय पदार्थ जैसे कोल्ड्रिंक या मार्केट में मिलने वाले अन्य पेय पदार्थ का सेवन करने की बजाय देशी आम का पना, छाछ, दही के साथ ही फलों का जूस उपयोग करने की सलाह डॉ. ओंकार खंडवाल और डॉ. आर.एल खरे दे रहे हैं।





### इन खाद्य पदार्थों का करें सेवन

अम्बेडकर अस्पताल के डाक्टर्स की माने तो गर्मियों में पाचन कमजोर हो जाता है। इस मौसम में भारी और मसालेदार भोजन की बजाय हल्का, सुपाच्य और ताजा भोजन करना चाहिए। दाल, हरी सब्जियां, खिचड़ी, दही-चावल जैसे हल्के भोजन से शरीर को ऊर्जा मिलती है और पाचन भी सही रहता है। बच्चों को भी हल्के भोजन में सलाद, अंकुरित अनाज देना अच्छा विकल्प है। इसके साथ ही उनको धूप में जाने और समय बिताने से बचाएं।



### इन रोगियों की बढ़ रही परेशानी

अम्बेडक अस्पताल में 25 अप्रैल को बाल एवं शिशु रोग विभाग में 114 तो मेडिसिन विभाग में 311 लोग जांच के लिए पहुंचे। इनके अलावा 19 अस्थमा पीड़ित थे। 26 को 90 बच्चों को लेकर लोग शिशु रोग विभाग में पहुंचे। जबकि 258 पेशेंट मेडिसिन विभाग में इलाज के लिए लाए गए, 16 अस्थमा पेशेंट भी शामिल है। 28 को 108 शिशु रोगी तो 366 पेशेंट मेडिसिन विभाग और 118 लोग अस्थमा की जांच के लिए पहुंचे। 29 को 90 बच्चे, 296 लोग मेडिसिन विभाग तो 26 लोग अस्थमा की समस्या से पीड़ित मिले। 30 अप्रैल को 73 शिशु रोग विभाग में तो 241 मेडिसिन और 15 पेशेंट अस्थमा के पहुंचे।

### सही समय पर कराएं जांच, ले दवाएं

इन दिनों बीपी, शुगर, थायराइड, उल्टी - दस्त, डिहाईड्रेशन की समस्या से पीड़ित लोग भी रोज ओपीडी में पहुंच रहे हैं। मौसम के डबल अटैक से बीपी व शुगर पेशेंट की तकलीफ भी सामान्य दिनों की अपेक्षा बढ़ रही है। इस तरह के पेशेंट को अम्बेडकर अस्पताल के डाक्टर तुरंत सही सलाह और दवा लेने का परामर्श और दवाएं दे रहे हैं। इसके साथ ही बच्चों को होने वाली समस्या की अनदेखी करने की बजाय उन्हें डाक्टर्स को दिखाने की सलाह दे रहे हैं।

## सिटी इवेंट

### छात्रों को जीवन के मूल्यों और सुरक्षा का ज्ञान होना जरूरी



**रायपुर।** शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में 'सड़क सुरक्षा व नशामुक्ति जागरूकता' कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देना और नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना रहा।

इस मौके पर मुख्य व्याख्याता के रूप में राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी उपस्थित रहीं, जिन्होंने संबोधन में कहा कि हर वर्ष सड़क दुर्घटना में हजारों व्यक्ति अपनी जान गंवा देते हैं। इसका मुख्य कारण नशा, यातायात नियमों का पालन न करना है। इससे बचाव के लिए हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीड पर ध्यान देना जरूरी है। इन दिनों प्रदेश में यातायात दुर्घटना में युवाओं की मृत्युदर सबसे अधिक है।

#### ऐसे कर सकते हैं आवेदन

व्याख्यात गुरजीत सिंह एवं उप पुलिस अधीक्षक सतीश ठाकुर ने बताया कि आधुनिकता के दौर में लोगों का मानसिक तनाव बढ़ता जा रहा है। इस स्थिति में यातायात के दौरान भी दुर्घटना हो रही हैं। यातायात के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. तपेश चंद्र गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यह जागरूकता कार्यशाला विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग बनने में मदद करेगी। किताबी शिक्षा के साथ जीवन के मूल्यों और सुरक्षा का ज्ञान जरूरी है। एनसीसी अधिकारी डॉ. अनिल रामटेके ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई और यातायात प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। इस दौरान हेमंत नंदा गौरी, डॉ. तृप्ति चंद्राकर, डॉ. अरुणा ठाकुर, डॉ. यामिनी ठाकुर, डॉ. नियति गुरुद्वान, डॉ. विनीता स्वर्णकार शामिल रहीं।



## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से पुस्तकालय प्रबंधन में मदद, डाटा सुरक्षा में सहायक

*रायपुर। श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग एवं राजा राममोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन का विषय 'टेक्नोलॉजिकल एंड एथिकल डिमेन्शन ऑफ़रिसर्च डाटा मैनेजमेंट नैविगेटिंग द डिजिटल फोंटियर' रखा गया, जिसमें एआई, नवीन तकनीक प्रणाली पर चर्चा की गई। नेशनल सेमीनार में छत्तीसगढ़ के अलावा राजस्थान, बिहार, मध्यप्रदेश, झारखंड, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक से 90 प्रतिभागियों की उपस्थिति बनी रही, जिसमें शोधार्थी और लाइब्रेरी साइंस के विद्यार्थियों ने सेमीनार पत्रों पर चर्चा की।*



### अन्य राज्यों के प्रतिभागी भी शामिल

सेमीनार में अंतिम दिन दो तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें व्याख्याता के रूप में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की पूर्व लाइब्रेरियन डॉ. सुपर्णा सेनगुप्ता उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में डेटा का नैतिक उपयोग, डाटा सुरक्षा विषयों पर जानकारी दी, इस मौके पर छात्रों से डाटा सुरक्षा संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रश्न भी पूछा गया। कार्यक्रम के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के डेटा प्रबंधन तकनीक को समझने का प्रयास किया गया, जिसमें नवीन एआई उपकरण की सहायता से पुस्तकालयों में प्रबंधन व कार्यप्रणाली पर चर्चा की गई। सेमीनार में मुख्य अतिथि अमिठी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. पीयूषकांत पांडेय और विशिष्ट अतिथि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के प्रो. आदित्य त्रिपाठी शामिल हुए। उन्होंने कहा, एआई के अधिक प्रयोग से सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव देखने को मिलता है, इससे सूचना का संचार सरल हो गया है, लेकिन सूचना की विश्वसनीयता कम होती जा रही है।

## रंगमंच पर बिखरे गीत गजल, व्यंग्य ने जीता दिल

**रायपुर।** साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्था 'ऋचा' के स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन वृंदावन सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा की सुमधुर वंदना से हुई, जिसे वर्षा रावल ने भावपूर्ण स्वर में प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया।इस बार का विशेष आकर्षण संस्था के पुरुष सदस्यों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे, जिन्होंने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति में डॉ. चितरंजन कर ने अपने लिखे और स्वरबद्ध किए भजन, गीत व ग़ज़लों की प्रस्तुति दी। तबले पर रूपेन्द्र श्रीवास्तव ने शानदार संगत दी। 87 वर्षीय व्यंग्यकार सुरेंद्र रावल ने 'ज्ञानदीप' शीर्षक से एकल नाटक का प्रभावशाली मंचन कर दर्शकों को चौंका दिया। लेखक, निर्देशक और प्रस्तुतकर्ता स्वयं सुरेंद्र रावल ही थे, जिन्होंने अपनी प्रस्तुति से उम्र की सीमाओं को पीछे छोड़ते हुए मंच पर जीवन भर दिया। प्रोगाम का मंच संचालन मीना शर्मा ने किया।



### हंसी से लोटपोट हुए दर्शक

'गिरगिट' नामक प्रहसन ने दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया। मुख्य भूमिका में दिनेश गौतम की जीवंत अदाकारी ने किरदार को जीवंत बना दिया। पैरोडी गीत 'शादी ना करना यारों' ने हल्के-फुल्के अंदाज में खूब ठहाके बटोरे। इसके लेखक-संगीतकार ब्रिगेडियर प्रदीप यदु थे, जिनके साथ अन्य कलाकारों ने भी शानदार संगत की।अंत में मंचित नाटक 'लस्सी' ने श्रोताओं से सबसे अधिक तालियां बटोरीं।

## मदर्स डे को लेकर सजा शहर का गिफ्ट बाजार, बच्चे खरीद रहे पर्सनलाइज्ड उपहार

# मां को खुश करने बच्चे डिजाइन करा रहे अपनी पसंद से पिलो और फोटोफ्रेम में यादगार लम्हे

कार्नर न्यूज

*रायपुर। रिश्तों की खूबसूरती में गिफ्ट चार चांद लगा देते हैं। कई रिश्ते ऐसे होते हैं, जिसमें गिफ्ट शब्दों से ज्यादा भावना व्यक्त कर जाते हैं। मां-बच्चे का रिश्ता भी कुछ ऐसा ही है। 'मदर्स डे' पर बच्चे भी मम्मी को गिफ्ट देकर अपनी भावनाओं को व्यक्त कर पाते हैं। मम्मी को सबसे खास गिफ्ट देने के लिए इस बार मार्केट में स्पेशल गिफ्ट्स की खूबसूरत रेंज आ गई है। इसमें महंगे पर्सनलाइज्ड गिफ्ट तक शामिल है। मार्केट में इस बार सासू मां, दादी मां, नानी मां, चाची आदि के लिए भी गिफ्ट्स और स्पेशल काड्र्स हैं। पहले सिर्फ मदर को देने के लिए ही ग्रीटिंग काड्र्स थे, पर अब स्पेशल काड्र्स भी आए हुए है। ये काड्र्स हिंदी और इंग्लिश दोनों ही भाषा के कोटेशन्स वाले हैं। बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते हुए बुके, कार्टून कैरेक्टर के शेप्स वाले काड्र्स भी मार्केट में उपलब्ध हैं।*

### मम्मी के लिए बच्चों की पसंद के गिफ्ट

इस बार कुछ खास तरह के ग्रीटिंग्स मार्केट में हैं। चार फोल्ड वाले पोस्टर ग्रीटिंग्स अपने साइज व कंसेप्ट के कारण, बुके के शेप के ग्रीटिंग अपनी स्टाइल के कारण पसंद किए जा रहे हैं। इसके अलावा मम्मी के लिए सिपर, डिफरेंट लुक वाले कॉफी मग व हैंड बैग भी बच्चे ले रहे हैं। कटोरा तालाब स्थित दुकान संचालक अंकित बडदिया ने बताया कि मदर्स डे पर फोटो के साथ मैसेज वाले फ्रेम खरीद रहे हैं। इसके अलावा कैरी क्रिएचर, पीलो, फोटो फ्रेम, पर्स भी शामिल हैं।




### मदर्स-डे पर एक जैसी ड्रेस

फैशन डिजाइनर मनीषा अग्रवाल ने बताया कि बीते कुछ सालों से मां और बच्चे का एक जैसा ड्रेस चलन में है। इसमें मां अपना और अपने बच्चों के लिए एक ही फैब्रिक और डिजाइन में ड्रेस तैयार कराती है। मदर्स-डे के लिए माहभर पहले से ऑर्डर लिया गया है। लोग अपनी मनपसंद डिजाइन के साथ कपड़ा तैयार कराने पहुंच रहे। इसमें साड़ी, लॉन ड्रेस की डिमांड सबसे अधिक है।

### पर्सनलाइज्ड गिफ्ट की डिमांड

मम्मी के लिए सबसे स्पेशल गिफ्ट देने की ख्वाहिश लिए बच्चे इस बार पर्सनलाइज्ड गिफ्ट लेना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। सिविल लाइन स्थित निजी दुकान संचालक प्रवीण जैन ने बताया कि पर्सनलाइज्ड गिफ्ट में मोबाइल कवर, आईपेड कवर, ग्रीटिंग्स, कैलेंडर, कोलाज, स्टोन व घड़ियों को लेना ज्याद पसंद कर रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा डिमांड मोबाइल व आईपेड कवर की है। इसकी वजह इन प्रोडक्ट्स की उपयोगिता है। कोलाज को लेकर भी खासा दिलचस्पी है। इन लाइटवेट कोलाज के लेमिनेटेड होने के कारण इसके रखरखाव में ज्यादा ध्यान नहीं देना पड़ता और इसे किसी भी रूम के अनुरूप मनचाहे साइज में बनवाया जा सकता है।

**समाज लाइव**

## मनु धरती के स्वयंभू पहले पुरुष उनकी पत्नी सतरूपा पहली स्त्री



**रायपुर।** टाटीबंध मे आयोजित श्रीमद् देवी भागवत पुराण की श्रृंखला में भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने गुरुवार को मनु-शतरूपा के वंश का वर्णन किया। साथ ही भगवान वराह अवतार के प्राकट्य, पृथ्वी के उद्धार, प्रियव्रत चरित्र, भारतवर्ष की महिमा वर्णन, गंगा अवतरण, राजा जन्मेजय का अंबा यज्ञ की कथा विस्तार से सुनाई गई। महाराज ने कहा कि ब्रह्माजी के मानसपुत्र मनु हैं। सृष्टि का आरंभ आदि पुरुष मनु से होता है। इस श्वेतवराह कल्प में चौदह मनु होते हैं। इनमें से वर्तमान सातवां वैवस्वत मनु ही हैं। आगे बताया कि आरंभिक थे, स्वयंभू मनु के अलावा 13 अन्य मनु का जिक्र मिलता है। भगवान ब्रह्मा के एक दिन में यह सभी मनु विद्यमान थे। हर मनु 4,320,000 वर्षों तक जीवित होते हैं। वर्तमान मनु वैवस्वत मनु हैं।

### बाकी सात द्वीपों के राजा बने

महाराज ने बताया कि स्वयंभू मनु और सतरूपा के दो बेटे थे प्रियव्रत और उत्तानपाद तथा तीन बेटियां थीं आकुति, देवहुति, और प्रसूति। स्वयंभू मनु की बेटियों में से आकुति का विवाह ऋषि रुचि से हुआ। देवहुति का विवाह प्रजापति कर्दम से और प्रसूति का विवाह प्रजापति दक्ष से हुआ। स्वयंभू मनु के सबसे बड़े बेटे प्रियव्रत के वंशजों ने स्वायंभुव मन्वंतर के दौरान शासन किया। प्रियव्रत के दस पुत्रों में तीन ने धार्मिक जीवन अपनाया और बाकी सात द्वीपों के राजा बने। जम्बूद्वीप के राजा अग्नीध्र ने नौ भागों में बांटा और अपने बेटों में बांट दिया। कथा पंडाल में हर दिन श्रोताओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है।

**सिटी लाइव**

## विधि-विधान से शंकराचार्य का प्राकट्य उत्सव मनाने की तैयारी



**रायपुर।** इस बार भगवान शंकराचार्य जयंती समारोह विधि-विधान से मनाया जाएगा। आयोजकों ने इसके लिए पुख्ता तैयारी की है। भगवत शिवावतार आद्य शंकराचार्य महाभाग के 2532वें प्राकट्य महोत्सव को वैशाख शुक्ल पक्ष यानी 2 मई को उल्लास से मनाया जाएगा। इस पुण्य अवसर पर पुरी के पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वतीजी महाराज की पावन प्रेरणा से विभिन्न प्रांतो में सनातन संस्कृति संरक्षणार्थ रुद्राभिषेक, सत्संग, प्रवचन, संगोष्ठी के साथ ही सामूहिक हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। वहीं दिव्य सेवा प्रकल्प का भी आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी आयोजकों ने व्यवस्थागत तैयारी की है।

### सुबह निकाली जाएगी प्रभात फेरी

इस श्रृंखला में धर्म संघ पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी के साथ सभी सनातन धर्मी, श्रद्धालु और भक्तों के द्वारा शुक्रवार को सुबह 6 से 7 बजे के बीच अलग-अलग क्षेत्र में प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। इस कड़ी में सुदर्शन संस्थान रावाभाठा में भव्य शिव आराधना, रुद्राभिषेक, सत्संग, संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसमें भारी तादाद में धर्मानुरागी शामिल होंगे। इसे देखते हुए बैठक व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया है। सभी धर्म प्रेमी सपरिवार पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करते हुए हिंदू राष्ट्र निर्माण के लिए दिव्य संकल्प में सहभागी बनेंगे। इसके लिए अलग-अलग प्रखंडों से जुड़े कार्यकर्ताओं और धर्मानुरागियों को सपरिवार शामिल होने के लिए कहा गया है।

### शहर के निशुल्क समर कैंप में शास्त्रीय-नृत्य, कंप्यूटर, सैन्य प्रशिक्षण समेत अनेक कलाएं शामिल

# गर्मी की छुट्टियां बनीं उपयोगी, समर कैंप बना बच्चों का ज्ञान धाम, सीख रहे संगीत-योग और टेक्नोलॉजी के गुर

**रायपुर।** गर्मी के छुट्टियों के साथ ही शहरभर में समर कैंप की शुरुआत हो गई है, जहां बच्चों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास पर अधिक जोर दिया जा रहा है। इन दिनों कौशल विकास को बढ़ावा देने शहरभर में रोचक प्रशिक्षण शिविर का संचालन किया जा रहा है। निशुल्क प्रशिक्षण में कराते, शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, पेंटिंग, आर्ट एंड क्रॉफ्ट, कंप्यूटर, सिलाई, मेहंदी, केक मेकिंग, बैडमिंटन समेत अनेक कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य मानसिक विकास के साथ शारीरिक विकास को बढ़ावा देना है।

### शास्त्रीय नृत्य संगीत का प्रशिक्षण

टिकरापारा स्थित नूतन स्कूल में सुबह 8 से 10.30 बजे तक शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, इसमें भरतनाट्यम, कथक, कुचिपुड़ी और ओडिसी जैसे शास्त्रीय नृत्य शामिल हैं। निशुल्क प्रशिक्षण में पेंटिंग, आर्ट एंड क्रॉफ्ट, कंप्यूटर आदि का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। संस्थान के प्रबंधक प्रेम साहू ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए समयसीमा निर्धारित की गई है, वर्तमान समय में 50 से अधिक प्रतिभागी कक्षाओं में पहुंच रहे।



### स्कूली बच्चों को लाठी प्रशिक्षण

कराते डू एकेडमी द्वारा नेताजी सुभाष स्टेडियम में सात दिवसीय लाठी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है, निशुल्क प्रशिक्षण सुबह 7 से 8 परिसर में संचालित किया जा रहा है, जिसमें 40 से अधिक बालक-बालिकाएं प्रशिक्षण का लाभ ले रहे। लाठी प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्रों को पारंपरिक युद्ध प्रणाली से जोड़ना है।



### निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण शिविर

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा प्रशासनिक सेवाओं में भर्ती के लिए शारीरिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें 16-17 साल से अधिक सभी उम्र के प्रतिभागियों को मौका दिया जा रहा है। परिषद के अध्यक्ष योगेश साहू ने बताया कि निशुल्क प्रशिक्षण राजधानी में नया बस स्टैंड अभनपुर और बोरियाखुर्द मिनी स्टेडियम से संचालित है। निशुल्क प्रशिक्षण शिविर में दाखिले के लिए केवल पंजीयन जरूरी है।

### भारतीय संस्कृति से जोड़ने बाल संस्कार शिविर

महाराष्ट्र मंडल द्वारा बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें बच्चों को भारतीय संस्कृति का महत्व बताया जाएगा। शिविर में रोजाना श्लोक, राम रक्षा, हनुमान चालीसा, ग्रंथ, पौराणिक कथाएं, गायत्री मंत्र, भोजन मंत्र जैसे अनेक धार्मिक परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। निशुल्क शिविर 5 जून तक संचालित रहेगी, जिसमें ऑनलाइन स्कूली बच्चों को जोड़ा जा रहा है।

### हड्डी रोग निवारण शिविर

भारतीय योग संस्थान की ओर से शहर के विभिन्न स्थानों पर तीन दिवसीय हड्डी रोग निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हड्डीरोग संबंधित समस्याओं से निपटने एवं बेहतर स्वास्थ्य संबंधित आसन और प्रणायाम कराया जा रहा है। निशुल्क शिविर सुबह 5.45 से 7.30 तक संचालित किया जाता है। सांस्थान के प्रबंधक मुकेश सोनी ने बताया कि 14-18 को कुटुंब योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें माता-पिता और बच्चे एकसाथ योग करेंगे। इसमें बच्चों को संस्कार और माता-पिता को पैरेंटिंग सिखाई जाएगी।



### श्री प्रयास में जून से समर कैंप

पुलिस परिवार द्वारा संचालित श्री प्रयास एजुकेशन सोसायटी में जून माह से समर कैंप शुरू होने जा रहा है, इसमें सिलाई, मेहंदी, केक मेकिंग, बैडमिंटन, फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल, कैरम, चेस एवं कंप्यूटर (हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर) संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। निशुल्क प्रशिक्षण के लिए तैयारी जारी है, जिसमें लड़कियों के लिए स्पोर्ट्स ग्राउंड तैयार किया जा रहा है।

### निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन आज

श्याम सत्संग मंडल महिला समिति द्वारा शुक्रवार शाम 4 बजे चौबे कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में गरीब झुग्गी बस्ती निवासियों के लिए निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया जा रहा है। अध्यक्ष संगीता सरावगी एवं सचिव राजश्री अग्रवाल ने बताया कि केंद्र का उद्घाटन रायपुर महापौर मीनल चौबे द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल की अध्यक्षता एवं पार्षद आनंद अग्रवाल के आतिथ्य, विशिष्ट अतिथि कविता राठी एवं समाजसेवी अनिता खंडेलवाल की उपस्थिति में प्रशिक्षण की शुरुआत 2 ट्रेनर द्वारा की जाएगी।



## अयोध्या के राम मंदिर थीम पर 60 दिन में कोलकाता के 23 कारीगरों ने शोलापुरी माता का सजाया भव्य पंडाल

**डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में 2 से 11 मई तक चलेगा पूजा महोत्सव, आज शाम निकलेगी शोभायात्रा**

**रायपुर।** डब्ल्यूआरएस कॉलोनी के पूजा उत्सव मैदान में इस बार शोलापुरी माता का भव्य पंडाल सजकर तैयार है। कोलकाता के 23 कारीगरों ने 60 दिन तक मेहनत के बाद अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर इसे आकार दिया है। इसमें प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं को अयोध्या स्थित राम मंदिर में होने का एहसास कराने का प्रयास आयोजन समिति द्वारा किया गया है। पंडाल का बाहरी और आंतरिक हिस्सा भी आकर्षण का केंद्र बनने वाला है। गर्मी को देखते हुए इसमें राहत देने के लिए कूलर-पंखे का इंतजाम किया जाएगा। साथ ही पंडाल के आसपास पूजा उत्सव का हिस्सा बनने के लिए आने वाले लोगों को मेले का लुत्फ उठाने का अवसर मिलने वाला है। बच्चों के लिए झूले और बड़ों को खानपान का सुविधा देने के लिए स्टाल भी सजेंगे।



### मुख्य पुजारी के साथ बाल पुजारी

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 52 वर्ष पुरानी परंपरा के तहत ही शुक्रवार की शाम मंदिर में पूजा और श्रृंगार के बाद शोभायात्रा के साथ डब्ल्यूआरएस कॉलोनी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए माता की स्थापना देर रात पंडाल में की जाएगी। पूजा का दायित्व इस बार भी खड़गपुर से आए मुख्य पुजारी मोहन राव के साथ तीन बाल पुजारी नौ दिनों तक माता की सेवा का दायित्व निभाएंगे। इसके पहले माता की स्थापना के लिए पंडाल को अंतिम रूप दिया गया। शुक्रवार की सुबह लाइटिंग और कूलिंग के लिए कूलर-पंखे लगाए जाएंगे।



### आयोजकों ने की राटा संकल्प पूजा

श्रीश्रीश्री शोलापुरी माता पूजा उत्सव समिति के अध्यक्ष बी. श्रीनिवास राव, सचिव एम. वेंकट रमना के साथ कोषाध्यक्ष एल. वेंकटेश्वर राव के मार्गदर्शन में उत्सव की तैयारी पूरी हो चुकी है। सलाहकार डी. गोविंद राव ने बताया कि बुधवार को आयोजन समिति के लोगों ने सुबह 8 बजे केंद्रीय विद्यालय के पास स्थित माता के मंदिर में राटा संकल्प पूजा की। श्री राव ने बताया कि इस बार भी नौ दिनों तक शोलापुरी माता के नौ रूपों की पूजा-विधि-विधान से की जाएगी। इसका आगाज शुक्रवार की शाम 7 बजे से किया जाएगा।

### नौ दिनों तक विधि-विधान से पूजा

शोभायात्रा में पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ रोड लाइट, रथ आकर्षण के केंद्र होंगे। माता की भव्य झांकी के साथ श्रद्धालुओं द्वारा डब्ल्यूआरएस कॉलोनी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए नाचते-गाते उत्साह से माता की शोभायात्रा के साथ पंडाल में पहुंचने के बाद विधि-विधान से माता का स्वागत किया जाएगा। इसके साथ ही नौ दिनों तक चलने वाले पूजा उत्सव का शुभारंभ होगा। हर दिन माता का दर्शन करने वालों की भीड़ को देखते हुए 50 हजार वर्गफीट एरिया में पंडाल सजाया गया है। माता की स्थापना के लिए पूजास्थल पर भव्य पंडाल सजा है।

## महारानी का भव्य दिव्य 19वां पाटोत्सव समारोह कल



**रायपुर।** भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुंदरी ललिता प्रेमाम्बा महारानी का भव्य दिव्य 19वां पाटोत्सव समारोह 3 मई शनिवार को श्री जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला में आयोजित है। आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने बताया कि समारोह का शुभारंभ 1 मई गुरुवार को श्रृंगार आरती के उपरांत हुआ, जहां आश्रम परिसर से संतोषी नगर, सायंकाल 5 बजे संतोषी नगर से डूंडा मार्ग से श्री शंकराचार्य कॉलेज सेजबहार शोभायात्रा पहुंची। धर्मेंद्र महाराज ने बताया कि रात्रि विश्राम उपरांत भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुंदरी ललिता प्रेमाम्बा महारानी की शोभायात्रा आज 2 मई शुक्रवार को सायंकाल 4.30 बजे श्री शंकराचार्य कॉलेज से ग्राम बोरियाकला के लिए प्रस्थान करेगी। तत्पश्चात ग्राम भ्रमण होगा। 1 व 2 मई को आयोजित संपूर्ण यात्रा 1008 यतिप्रवर दण्डी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थजी महाराज के पावन सानिध्य एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि कल 3 मई को भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुंदरी ललिता प्रेमाम्बा महारानी का भव्य दिव्य 19वें पाटोत्सव समरोह पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**डूंडा मार्ग से श्री शंकराचार्य कॉलेज सेजबहार शोभायात्रा पहुंची**

## प्रभु को गर्मी से बचाने 15 औषधियों से बनी ठंडाई, जलधारी से मिल रही शीतलता

**रायपुर।** अक्षय तृतीया के बाद राजधानी के प्रमुख मंदिरों में गर्मी से भगवान को राहत देने के विशेष उपाय किए जा रहे हैं। दोपहर के समय मंदिरों में जलधारी के माध्यम से भगवान शिव को शीतल जल अर्पित किया जा रहा है, जिससे उन्हें गर्मी में ठंडक मिल सके। दूधाधारी मठ के पुजारी राम छवि ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन पारंपरिक 'मटका पूजा' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान बालाजी को चंदन का लेप और सत्तू का विशेष ठंडा भोग अर्पित किया गया। मठ में ज्येष्ठ पूर्णिमा तक प्रतिदिन भगवान को चंदन का लेप लगाया जा रहा, जिससे उन्हें ठंडक मिलती रहे। इसके साथ ही दोपहर के समय विशेष रूप से तैयार औषधीय ठंडाई का भोग भी भगवान को अर्पित किया जा रहा है, जिसमें 10 से 15 प्रकार की औषधीय जड़ी-बूटियों का उपयोग किया गया है। यह परंपरा न केवल श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि मौसम के अनुसार भगवान की सेवा की भारतीय परंपरा को भी दर्शाती है।

**मंदिरों में चंदन लेप और औषधीय भोग से भगवान को ठंडक देने की परंपरा**



### रोजाना शर्बत, मूंग चना, फल का भोग

जैतूसाव मठ से पुजारी सुमित तिवारी ने बताया कि रामजी का हल्के व सूती वस्त्रों में चंदन श्रृंगार किया जा रहा है। अक्षय तृतीया से श्री जगन्नाथ भगवान की रथयात्रा तक प्रतिदिन भगवान को शीतल पेय शर्बत, मूंग, चना, फल का भोग लगाया जा रहा है। गोपाल मंदिर से पं. हरेंद्र ने बताया कि शुभ अवसर पर श्रीकृष्ण व राधारानी को राजभोग लगाया गया। चंदन व श्वेत वस्त्रों से मनमोहक श्रृंगार किया जा रहा है। बूढ़ातालाब स्थित शीतला मंदिर के पुजारी नीरज सैनी ने बताया कि अक्षय तृतीया पर माता के चरणों पर जल से भरा घड़ा और फल अर्पित किए गए।



ज्योतिष

## यह छोटी सी आदत हो सकती है आपके आर्थिक संकट का कारण



घर की सुख-शांति और समृद्धि के लिए वास्तु शास्त्र का पालन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह केवल एक प्राचीन शास्त्र नहीं, बल्कि जीवन को एक सकारात्मक दिशा में बदलने का एक आसान और प्रभावी तरीका है। छोटे-छोटे बदलाव, जैसे कि बिस्तर के नीचे कुछ वस्तुएं न रखना, घर की ऊर्जा को सही दिशा में प्रवाहित कर सकते हैं। वास्तु के अनुसार, सही दिशा में ऊर्जा का प्रवाह न केवल आपके घर की आर्थिक स्थिति को सुधारता है, बल्कि जीवन में शांति और सुख भी लाता है।

हालांकि, हम में से कई लोग अनजाने में ऐसी छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं, जो घर में नकारात्मकता और धन के अभाव का कारण बन सकती हैं। एक ऐसी ही गलती है बिस्तर के नीचे वस्तुएं रखना, विशेषकर पैसे, आभूषण, और चाबियां। वास्तु शास्त्र के अनुसार, ये वस्तुएं घर की समृद्धि में विघ्न डाल सकती हैं। आइए जानते हैं उन तीन चीजों के बारे में, जिन्हें बिस्तर के नीचे रखना आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है।

### पैसे और पर्स रखना

वास्तु के अनुसार, बिस्तर के नीचे पैसे या पर्स रखना अच्छा नहीं माना जाता है। यह आदत आर्थिक संकट को बुला सकती है, क्योंकि जब हम सोते समय बिस्तर के नीचे पैसे रखते हैं, तो ऐसा माना जाता है कि इससे लक्ष्मी माता का आशीर्वाद दूर हो जाता है। इससे धन की आवक पर असर पड़ता है और जीवन में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए, पैसे और पर्स को हमेशा एक सुरक्षित स्थान पर रखना चाहिए, ताकि घर में समृद्धि बनी रहे।

### आभूषण और कीमती चीजें

अगर आप सोने-चांदी के आभूषण या किसी कीमती चीज़ को बिस्तर के नीचे रखते हैं, तो यह भी वास्तु के हिसाब से ठीक नहीं है। इस आदत से घर में नकारात्मकता और तनाव बढ़ सकता है। आभूषणों को तिजोरी या किसी सुरक्षित स्थान पर रखना चाहिए, ताकि धन और सुख की देवी, मां लक्ष्मी का आशीर्वाद आपके घर पर बना रहे। बिस्तर के नीचे गहनों को रखना घर में बाधाओं का कारण बन सकता है, जिससे जीवन में परेशानियाँ आ सकती हैं।

### चाबियां रखना

बहुत से लोग अपनी घर, कार या तिजोरी की चाबियां बिस्तर के नीचे रखते हैं, लेकिन वास्तु के अनुसार, यह आदत भी गलत है। चाबियां बिस्तर के नीचे रखने से घर में आर्थिक समस्याएं आ सकती हैं। ऐसा माना जाता है कि इससे धन की कमी और वित्तीय संकट बढ़ सकता है। इसलिए, चाबियों को हमेशा एक सुरक्षित और उपयुक्त स्थान पर रखें, ताकि घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे।

## शरीर के इन अंगों पर तिल का होना माना जाता है अशुभ

सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार, शरीर पर मौजूद तिल हमारे जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाते हैं, जो हमारे व्यक्तित्व और भविष्य के बारे में महत्वपूर्ण संकेत प्रदान करते हैं। कुछ तिल शुभ होते हैं, जबकि कुछ अशुभ परिणाम दे सकते हैं। आइए जानते हैं सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार, शरीर के किन हिस्सों पर तिल का होना हमारे लिए अशुभ हो सकता है और इसके क्या अर्थ होते हैं।

### नीचे होंठ पर तिल



जिन लोगों के नीचे होंठ पर तिल होता है, उनका स्वभाव सामान्यतः भावुक और गुस्सैल हो सकता है। ऐसे लोग पैसों की तंगी का सामना कर सकते हैं और उन्हें जीवन में काफी संघर्ष करना पड़ सकता है। यह तिल यह भी संकेत देता है कि इन लोगों को अपनी सेहत पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं आ सकती हैं। ऐसे लोग बहुत रोमांटिक होते हैं, लेकिन सफलता प्राप्त करने के लिए उन्हें काफी मेहनत करनी पड़ती है। इस तिल के कारण, भविष्य में शारीरिक समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं।

### कमर पर तिल

कमर पर तिल होने का मतलब है कि व्यक्ति का मन कभी शांत नहीं रहता। ऐसे लोग हमेशा किसी न किसी चीज के बारे में सोचते रहते हैं, जिससे उनका मानसिक तनाव बढ़ सकता है। इस तिल वाले लोगों को सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, लेकिन वे अक्सर आराम करना पसंद करते हैं और काम में देर कर सकते हैं। इनके जीवन में लगातार संघर्ष और समस्याएं आती रहती हैं, जिनका सामना करने में इन्हें कठिनाइयां होती हैं।

### बाएं ओर की पीठ पर तिल

जिन लोगों के जो लोग बाएं ओर की ओर पीठ पर तिल होता हैं, उन्हें अपनी वित्तीय स्थिति को संतुलित करने में कठिनाई हो सकती है। ये लोग धन तो कमाते हैं, लेकिन खर्च भी अधिक करते हैं, जिससे भविष्य में पैसे की कमी हो सकती है। इनका स्वभाव जिद्दी होता है और यदि ये किसी काम को करने का निर्णय लेते हैं, तो उसे पूरा करके ही छोड़ते हैं। यह तिल यह दर्शाता है कि ये लोग कड़ी मेहनत से धन कमाते हैं, लेकिन अपनी सुख-सुविधाओं पर अधिक खर्च करते हैं।

लगभग हर 1 लाख लोगों में से 100 को हो सकता है स्किन कैंसर

# इस एक उपाय से स्किन और कोलोरेक्टल कैंसर दोनों का कम हो सकता है खतरा

कैंसर वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता का कारण बना हुआ है। सभी उम्र के लोग इसका शिकार देखे जा रहे हैं। आमतौर पर हम सभी स्तन-फेफड़े, पेट और लिवर कैंसर के बारे में तो अक्सर चर्चा करते रहते हैं, पर इन सबसे इतर त्वचा कैंसर (स्किन कैंसर) के मामले भी साइलेंटली बढ़ते जा रहे हैं। यूरोपीय देशों में स्किन कैंसर के मामले अधिक आम हैं, पर अब भारतीय आबादी भी इसका तेजी से शिकार हो रही है। आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में विशेषकर उत्तरी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में त्वचा कैंसर, विशेष रूप से मेलेनोमा के मामले अधिक हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के डेटा के अनुसार इन क्षेत्रों में प्रति एक लाख पुरुषों पर 1.62 और महिलाओं पर 1.21 मामले मेलेनोमा के हैं। कुल मिलाकर, आईसीएमआर का अनुमान है कि भारत में 14 लाख से अधिक कैंसर के मामले हैं, जिनमें से लगभग हर 1 लाख लोगों में से 100 को स्किन कैंसर हो सकता है।



### कोलोरेक्टल कैंसर का भी कम होता है जोखिम

इसी तरह जर्नल न्यूट्रिएंट्स में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन के अनुसार, विटामिन-डी की पर्याप्त मात्रा कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा 58% तक कम कर सकता है। यह कैंसर खासतौर पर युवाओं में तेजी से बढ़ रहा है।शोधकर्ताओं ने विटामिन डी और कोलोरेक्टल कैंसर पर हुई 50 अध्ययनों का विश्लेषण किया है। जिन लोगों में विटामिन डी का स्तर सबसे ज्यादा था उनमें कैंसर का खतरा 25% तक कम पाया गया। शोधकर्ताओं के मुताबिक विटामिन डी इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है, जिससे आप कैंसर से बचाव कर सकते हैं।



### आहार में बढ़ाएं विटामिन-डी की मात्रा

*स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, 19-50 वर्ष तक की आयु वालों को नियमित रूप से 15 माइक्रोग्राम विटामिन-डी की आवश्यकता होती है। आहार के माध्यम से विटामिन-डी की आवश्यकताओं की आसानी से पूर्ति का जी सकती है। वसायुक्त मछली, फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थ और नट्स-सीड्स से इसकी आसानी से पूर्ति हो सकती है। सूर्य की रोशनी इसका प्रमुख स्रोत है। जिन लोगों को विटामिन-डी की गंभीर कमी होती है उन्हें डॉक्टर इसके सप्लीमेंट्स की सलाह देते हैं। हालांकि खुद से किसी भी प्रकार के सप्लीमेंट्स से बचना चाहिए।*

### विटामिन-डी वाली चीजें कैंसर से बचाव में लाभकारी

अध्ययनकर्ताओं ने बताया कि विटामिन-डी सिर्फ हड्डियों और इम्यून सिस्टम के लिए ही नहीं, बल्कि स्किन कैंसर से बचाव में भी अहम भूमिका निभा सकता है। यह स्प्लीन और लिम्फ नोड्स जैसे अंगों की कार्यक्षमता बढ़ाता है और टी-सेल्स को एक्टिव करता है, जो संक्रमण व कैंसर से बचाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि त्वचा कैंसर के जोखिम को कम करने में विटामिन-डी की संभावित भूमिका बहुआयामी है, जो मुख्य रूप से कोशिका वृद्धि, कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोकने और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने से जुड़ी है। यह कैंसर कोशिकाओं को मारने वाले तंत्रों को ट्रिगर करके, हानिकारक कोशिकाओं की वृद्धि को रोककर और सामान्य कोशिका विकास को बढ़ावा देकर आपको घातक बीमारी से बचाने में मददगार हो सकती है।

### स्किन कैंसर और इसका खतरा

त्वचा कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसमें त्वचा की कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, ये संभावित रूप से शरीर के अन्य हिस्सों पर भी अटैक कर सकती हैं। अधिकांश त्वचा कैंसर सूर्य के पराबैंगनी (यूवी) विकिरण के अधिक संपर्क में आने से होते हैं। मेलेनोमा सबसे आम प्रकार का स्किन कैंसर हैं। मेलेनोमा सबसे खतरनाक प्रकार का स्किन कैंसर है, जो त्वचा में रंगद्रव्य पैदा करने वाली कोशिकाओं मेलानोसाइट्स से उत्पन्न होता है। तमाम प्रकार के कैंसर के खतरे को कैसे कम किया जा सकता है, इसको समझने के लिए वैज्ञानिकों की टीम ने एक अध्ययन में पाया कि अगर आप आहार या डॉक्टर की सलाह पर सप्लीमेंट्स के रूप में विटामिन-डी की मात्रा बढ़ा देते हैं तो इससे स्किन और कोलेरेक्टल कैंसर दोनों के खतरे को 55 फीसदी तक कम किया जा सकता है।

# हार्निया से पीड़ित था ये खिलाड़ी कहीं आप भी न हो जाएं शिकार?

गेंदबाज सुयश शर्मा दो साल तक हार्निया से पीड़ित थे, गुरुवार को टीम ने एक वीडियो जारी करके इसकी जानकारी दी है। वीडियो में सुयश ने हर्निया की समस्या से अपने लंबे संघर्ष के बारे में बताया। हर्निया तब होती है जब आपके पेट के अंदरूनी भाग का कोई हिस्सा किसी छिद्र से बाहर निकल जाता है या उस मांसपेशी या ऊतकों में कमजोरी आ जाती है। हर्निया धीरे-धीरे विकसित होता है। हार्निया की समस्या के कारण पेट में उभार हो सकता है। इसके कारण आपको खांसने-छींकने, झुकने या भारी चीजों को उठाने आदि के कारण दर्द बढ़ सकता है। डॉक्टर बताते हैं, ऐसी कई दैनिक गतिविधियां और चिकित्सा समस्याएं है जो पेट की दीवार पर दबाव बढ़ाती हैं जिससे भी हर्निया हो सकती है। सुयश से पहले कई अन्य सेलिब्रिटीज और खिलाड़ियों ने भी हार्निया की समस्या के बारे में बताया था। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के लिए रजत पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा भी इससे पीड़ित रह चुके हैं।



**क्यों होती है ये दिक्कत?**

हर्निया जन्मजात हो सकता है या उन लोगों में विकसित हो सकता है जिनके पेट की दीवार में कमजोरी होती है। कुछ प्रकार की गतिविधियां और चिकित्सा समस्याएं पेट की दीवार पर दबाव बढ़ाती हैं, जिसके कारण भी हर्निया हो सकती हैं। लंबे समय तक कब्ज के कारण अगर शौच करते समय बार-बार और अधिक जोर लगाना पड़ता है तो इसके कारण ये समस्या हो सकती है।

### सर्जरी की होती है आवश्यकता

*स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, हार्निया के कारण सभी लोगों में लक्षण नजर आएं ऐसा जरूरी नहीं है। आमतौर पर इसमें पेट में गांठ या उभार दिखता है जो कुछ शारीरिक गतिविधियों के दौरान स्पष्ट नजर आता है। हर्निया के कारण पेट में दर्द या चुभन महसूस होती रह सकती है। पेट पर दबाव बढ़ने की स्थिति में दर्द और जटिलताएं अधिक महसूस हो सकती हैं। हर्निया के अधिकांश मामलों में सर्जरी की आवश्यकता होती है।*

### जन्मजात दोष को रोक नहीं सकते

*डॉक्टर कहते हैं, आप जन्मजात दोष को रोक नहीं सकते। हालांकि पेट की मांसपेशियों और ऊतकों पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए कुछ उपायों को प्रयोग में लाया जा सकता है। स्वस्थ वजन बनाए रखना, आहार में हाई फाइबर वाले खाद्य पदार्थों को शामिल कराना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।*

### धूम्रपान से दोबारा हर्निया होने की आशंका हो सकती है 20 गुना ज्यादा

*अध्ययनों से पता चलता है कि एक बार भले ही आप हार्निया से ठीक हो जाते हैं पर आपकी धूम्रपान की आदत है तो इससे दोबारा हर्निया होने की आशंका 20 गुना ज्यादा हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि निकोटिन व अन्य रसायन शरीर में कोलेजन (महत्वपूर्ण प्रोटीन) के उत्पादन को कम करते हैं। यह मांसपेशियों व ऊतकों को मजबूत बनाता है, इसमें पेट की दीवार भी शामिल है। कोलेजन कम होने से हर्निया की मरम्मत वाली जगह कमजोर हो जाती है और दोबारा हर्निया का खतरा बढ़ जाता है।*

## अस्पतालों में बढ़ रहे हैं आंखों में संक्रमण वाले मरीज

कई अस्पतालों में पिछले कुछ दिनों से आंखों में संक्रमण, दर्द-जलन, चुभन और लालिमा जैसी समस्या वाले मरीजों की संख्या काफी तेजी से बढ़ी है। प्राप्त हो रही जानकारियों के मुताबिक बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी उम्र के लोग इस तरह की दिक्कतों का शिकार देखे जा रहे हैं। आंखों की समस्या वाले रोगियों की संख्या में एक महीने में इजाफा हुआ है।



डॉक्टर्स की मानें ते इसके लिए बढ़ती गर्मी एक वजह हो सकती है। 40 डिग्री और इससे अधिक के तापमान को संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए गंभीर दुष्प्रभावों वाला माना जाता रहा है, इसका आपकी आंखों पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ समीर कौशिक बताते हैं, बढ़ते तापमान ने आंखों से संबंधित समस्याओं के जोखिम को काफी बढ़ा दिया है। तापमान में बहुत बढ़ोतरी और कमी दोनों ही आंखों की सेहत को प्रभावित करने वाली हो सकती है। 40 से अधिक तापमान और गर्मी के कारण ड्राई आइज की समस्या बढ़ जाती है। पराबैंगनी (यूवी) किरणों के संपर्क में आने से कॉर्निया को नुकसान पहुंच सकता है और संभावित रूप से फोटोकेराटाइटिस (सनबर्न ऑफ आइज) की दिक्कत हो सकती है।

### मार्च से ही बढ़ने लगे हैं आंखों के मरीज

ग्रेटर नोएडा स्थित जिम्स से प्राप्त जानकारियों के मुताबिक अकेले मार्च में जिम्स अस्पताल में 750 पीड़ित लोग आंखों की समस्याओं के साथ पहुंचे, इनमें से ज्यादातर की उम्र 4 से 10 वर्ष की थी। तापमान में बढ़ोतरी के साथ अप्रैल-मई में आंखों में जलन और लालिमा की शिकायत के साथ बड़ी संख्या में मरीज अस्पतालों में पहुंच रहे है। डॉ. कृष्ण कुलदीप गुप्ता ने बताया कि 30 मार्च तक आंखों की समस्या से जूझ रहे मरीजों का आंकड़ा 2500 से अधिक हो गया, जिसमें से 750 मरीज आंखों में संक्रमण के शिकार थे। इसी तरह दिल्ली के अस्पतालों से प्राप्त हो रही जानकारियों के मुताबिक बढ़ते तापमान के साथ आंखों में जलन-लालिमा और दर्द की शिकायत के साथ मरीजों के आने का सिलसिला जारी है। आंखों की एलर्जी के शुरुआती लक्षण के दौरान आंखों में खुजली होना, आंखें लाल होना, पानी आना, ड्राइनेस होना (आंखों में कूड़ा पड़े होने जैसा महसूस होना), गंदगी आना और सूजन की समस्या होने लगती है।



## खाना खाने के तुरंत बाद भूल से भी न करें ये पांच काम सेहत को होते हैं बड़े नुकसान

भोजन का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। पौष्टिक आहार का सेवन करने से शरीर को ऊर्जा मिलती है। यह शरीर को काम करने, बढ़ने और स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है। ऐसे में जैसा भोजन आप करते हैं, वैसा ही स्वास्थ्य लाभ मिलता है लेकिन कुछ खराब आदते हैं जो पौष्टिक आहार के सेवन के बाद भी शरीर पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। यह आदते खाने के बाद की होती है।

आप चाहे जितने पौष्टिक आहार का सेवन कर लें लेकिन अगर खाने के बाद कुछ आदतों को नहीं बदलेंगे तो पाचन तंत्र पर दुष्प्रभाव होगा। अक्सर हम अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं जो पेट की गड़बड़ी से लेकर गंभीर बीमारियों तक की वजह बन सकती है। भोजन के बाद सही आदतें अपनाकर आप पाचन तंत्र को मजबूत रख सकते हैं और स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। इस लेख में आपको ऐसी बात गलतियां बताई जा रही हैं जो आमतौर पर लोग खाना खाने के बाद करते हैं, जिसका बुरा असर उनकी सेहत पर पड़ता है।

### तुरंत पानी पीना



कुछ लोग खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीते हैं। इससे पाचन क्रिया बाधित होती है। अगर आप खाना खाने के तुरंत बाद पानी पिएंगे तो खाना पचने में समय ज्यादा लगता है और एसिडिटी व ब्लोटिंग की समस्या हो सकती है। सही तरीका है कि खाने के लगभग 30 मिनट बाद ही पानी पिएं। अगर बहुत प्यास लगे तो गुनगुना पानी बहुत कम मात्रा में लें।

### तुरंत सोना या लेटना

अक्सर लोग खाने के बाद तुरंत आराम करने के लिए लेट जाते हैं। खाने के बाद लेटने से पेट का एसिड भोजन के साथ ऊपर की ओर आ सकता है जिससे एसिड रिफ्लक्स, सीने में जलन और बदहजमी हो सकती है। आप इन समस्याओं से बचना चाहते हैं तो खाने के बाद कम से कम 30-40 मिनट तक बैठे रहें या हल्की वॉक करें।

### धूम्रपान करना



वैसे तो धूम्रपान करना ही सेहत के लिए नुकसानदायक होता है, लेकिन भोजन के तुरंत बाद धूम्रपान करना सेहत के लिए ज्यादा घातक हो सकता है। इससे निकोटिन का अवशोषण दोगुना हो जाता है, जिससे आंतों को नुकसान पहुंचता है और पाचन तंत्र कमजोर होता है। धूम्रपान पूरी तरह छोड़ना बेहतर है, लेकिन खासकर भोजन के एक घंटे पहले और बाद में न करें।

### व्यायाम

खाने के तुरंत बाद सामान्य गति से टहल सकते हैं, लेकिन व्यायाम करने के बारे में भी न सोचें। खाना खाने के बाद व्यायाम करना सेहत के लिए मुसीबत खड़ी कर सकता है। इससे उल्टी, मतली, पेट दर्द और पाचन से जुड़ी कई बड़ी समस्याएं झेलनी पड़ सकती है। अगर आप व्यायाम करना ही चाहते हैं तो भोजन के एक से डेढ़ घंटे बाद व्यायाम करें।

### नहाना

खाना खाने के तुरंत बाद नहाने से रक्त का प्रवाह बदल सकता है, जिससे पाचन क्रिया धीमी हो सकती है। खाने के बाद पाचन तंत्र सबसे ज्यादा एक्टिव होता है। लेकिन, आपके नहाने से शरीर का तापमान बदल जाता है और खाना ठीक से पच नहीं पाता है।


रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड | प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर | रुई गद्दा | टावेल | तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार
निरंकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
Sunday Open
प्लास्टिक एवं फायबर कूलर की विशाल रेंज
रूम, डक एवं विंडो कूलर अनेक साईज में उपलब्ध
सिटी कोतवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

RAHUL SYNTHETICS
PREMIUM UNIFORMS
UNIFORM RANGE
School, Staff, Hostels, Corporates, Hospitals, Nursing Homes
Housekeeping, Field Staff, Workers, Workshops
All types of uniform, School, College & Security C.G. & Odisha
Shop No. 5, Mahalaxmi Cloth Market, Pandri, Raipur (C.G.)
Vinod Ahuja 9425513156 Rahul Ahuja 7879917006

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कान में मिलेगा निकोल किडमैन को पुरस्कार, 'वूमेन इन मोशन' अवॉर्ड से सम्मानित होंगी एक्ट्रेस



**लॉस एंजिल्स।** निकोल किडमैन को यह अवॉर्ड दिया जाएगा, जिससे उनके फैंस बेहद खुश हैं। वूमन इन मोशन पुरस्कार उन महिलाओं को दिया जाता है, जो सिनेमा और समाज में महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाती हैं। पुरस्कार समारोह 18 मई को कान फेस्टिवल में होगा। किडमैन को महिला निर्देशकों के साथ काम करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए चुना गया है। उन्होंने 2017 में हर 18 महीने में एक महिला निर्देशक के साथ काम करने का वादा किया था और अब तक 20 से अधिक महिला निर्देशकों के साथ काम कर चुकी हैं। केरिंग के सीईओ फ्रेंकोइस-हेनरी पिनॉल्ट ने उनकी तारीफ की और कहा कि वह सिनेमा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने का शानदार उदाहरण हैं। किडमैन ने इस सम्मान को ₹सच्चा सम्मान₹ बताया। वह जेन फोंडा, वियोला डेविस, मिशेल योह और सलमा हायेक जैसी हस्तियों की सूची में शामिल हो गई हैं। निकोल एक ऑस्ट्रेलियाई और अमेरिकी अभिनेत्री और निर्माता हैं। निकोल किडमैन ने ऑस्ट्रेलिया में अपने करियर की शुरुआत 1983 की फिल्म 'बुश क्रिसमस' और 'बीएमएक्स बैंडिट्स' से की थी। निकोल 57 साल की हो चुकी है और अभी भी फिल्मों में सक्रिय हैं।

### टॉलीवुड

## मोहनलाल ने साझा की 'वेव्स' की तस्वीरें एक फ्रेम में नजर आए ये दिग्गज सितारे



**मुंबई।** मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में 1 मई, 2025 से वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स 2025) की शानदार शुरुआत हो चुकी है। यह समिट 1 से 4 मई तक चलेगा और इसका उद्देश्य भारत को वैश्विक कंटेंट निर्माण और मनोरंजन का केंद्र बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस आयोजन का उद्घाटन किया, जिसमें शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण, रजनीकांत, अक्षय कुमार जैसे कई बड़े सितारे शामिल हुए। इस बीच, मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल की एक्स पोस्ट ने लोगों का खासा ध्यान अपनी ओर खींचा है। मोहनलाल ने गुरुवार को अपने एक्स अकाउंट पर वेव्स समिट 2025 की कुछ तस्वीरें साझा कीं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में समिट का भव्य माहौल और सितारों की मौजूदगी साफ झलक रही है। इन तस्वीरों में उनके साथ रजनीकांत, हेमा मालिनी, चिरंजीवी, अक्षय कुमार और मिथुन नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों पर लोग तरह तरह के रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'लीजेंड्स और नेता वेव्स 2025 में एकजुट हुए...यह कितना प्रेरणादायक क्षण था।' एक अन्य यूजर ने लिखा, "गोट फ्रेम'। इसके अलावा बहुत से यूजर्स ने हार्ट इमोजी के साथ अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

### भोजपुरी

## गुरुदत्त की खोज थी ये अभिनेत्री, बॉलीवुड ही नहीं भोजपुरी में भी दिखाया अभिनय का जादू

अभिनेत्री का जन्म जैबुन्निसा के रूप में हुआ था, लेकिन वो कुमकुम नाम से सिनेमाई पर्दे पर मशहूर हुईं। 100 से अधिक फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री ने 'मदर इंडिया'और 'कोहिनूर'जैसी फिल्मों से काफी प्रसिद्धि पाई। हिंदी फिल्मों के अलावा कुमकुम ने भोजपुरी इंडस्ट्री में भी अपने अभिनय का जादू बिखेरा था। अभिनय की दुनिया में कदम रखने के बाद कुमकुम ने एक से बढ़कर एक फिल्में दीं। अपने करियर में



अभिनेत्री ने 100 से अधिक हिंदी फिल्मों में काम किया था। इन फिल्मों में से उनकी सबसे चर्चित फिल्म 'मदर इंडिया' रही, जो महबूब खान द्वारा निर्देशित की गई थी। इस फिल्म को फिल्मफेयर की तरफ से बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड भी मिला था। इसके अलावा अभिनेत्री की फिल्मों की बात करें तो कोहिनूर, नया दौर, गीत, ललकार, धमकी जैसी कई शानदार फिल्में हैं। अभिनेत्री ने कई दिग्गज कलाकारों के साथ काम किया था, जिनमें राजेश खन्ना, धर्मेंद्र जैसे कलाकार शामिल रहे। वहीं, आपको बताते चलें कि अभिनेत्री ने भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया था। उन्होंने साल 1962 में 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' में अभिनय किया था, जो उनकी पहली भोजपुरी फिल्म थी। इसके बाद अभिनेत्री ने कई और फिल्में बनाई, जिनमें 'बलमा बड़ा नादान, भौजी, गंगा जैसी फिल्में शामिल हैं। बताया जाता है कि अभिनेत्री ने सज्जाद अकबर खान से शादी के बाद अभिनय छोड़ा दिया था और अपने पति के साथ साल 1973 के करीब सऊदी अरब चली गई थी। इसके बाद लगभग 23 साल बाद वह साल 1995 में भारत लौटीं। कुमकुम ने अपने जीवन के अंतिम वर्षों में बहुत सादगी से जीवन बिताया। 28 जुलाई 2020 को 86 वर्ष की उम्र में अभिनेत्री का मुंबई में निधन हो गया था। उनके जाने से सिनेमा जगत ने एक प्रतिभाशाली कलाकार, अदाकारा और नृत्यांगना को खो दिया।

लाइफ



## पंजाबी सूट से मिलेगा देसी कुड़ी लुक

सूट स्टिचिंग के स्टाइल तो कई तरह के होते हैं लेकिन पंजाबी सूट की बात ही कुछ अलग है। प्रॉपर देसी कुड़ी लुक चाहिए तो पंजाबी सूट आपके वॉर्डरोब में होने ही चाहिए। पंजाबी सूट भी कई तरह के होते हैं, जो ना सिर्फ देखने में सुंदर लगते हैं बल्कि बेहद कंफर्टेबल भी होते हैं।गर्मियों के लिए आप कॉटन का ए लाइन कुर्ता विद प्लाजो स्टिच करा सकती हैं। ये भी प्रॉपर पंजाबी लुक देते हैं। समर्स के लिए ये परफेक्ट हैं क्योंकि इनका ढीला फिट काफी कंफर्टेबल फील होता है। पंजाबी सूट को खास बनाती हैं इसकी घेरदार सलवार और सूट। ये प्रॉपर देसी लुक देते हैं और काफी कंफर्टेबल भी होते हैं। डेली वियर हो या कोई खास ऑकेजन आप हर मौके के लिए ऐसे सूट सेट स्टिच करा सकती हैं।

# इन अभिनेत्रियों के चिकनकारी कुर्ते हैं गर्मियों के लिए बिल्कुल परफेक्ट

चिकनकारी लखनऊ की गलियों से निकली सदियों पुरानी कढ़ाई तकनीक है जो कपड़ों पर उतर जाए तो खूबसूरती को बढ़ा देती है। इसमें मुख्य रूप से फूलों और पैस्ले पैटर्न के जटिल डिजाइन शामिल हैं। चिकनकारी कढ़ाई को मलमल, लिनन और कॉटन जैसे हल्के कपड़ों पर सफेद धागे से सिला जाता है। गर्मियों के लिए यह बिल्कुल परफेक्ट होती है, जो हवादार कपड़ों पर कढ़ाई के जरिए सुंदर डिजाइन, सहजता और आराम को शामिल करती है। चिकनकारी कुर्ता गर्मी के मौसम के लिए आदर्श विकल्प भी है।

चिकनकारी को पहली बार मुगल काल के दौरान पेश किया गया, तब से इसका आकर्षण सदी-दर-सदी बढ़ा और यह फैशन सौंदर्य का बेहतरीन हिस्सा बन गई। खूबसूरत चिकनकारी कुर्ता बॉलीवुड सेलेब्स के बीच भी काफी लोकप्रिय है। कई मौकों पर सेलेब्स को चिकनकारी सूट में देखा जाता है। ये उनके वार्डरोब का हिस्सा है। इस गर्मी के मौसम में अगर आप भी सहजता, आराम और फैशन को अपनाना चाहते हैं तो बॉलीवुड अभिनेत्रियों के चिकनकारी सूट को अपने वार्डरोब का हिस्सा बनाएं।



**खुशी कपूर:** खुशी कपूर का यह लैवेंडर कलर चिकनकारी कुर्ता गर्मियों के फैशन के लिए एक नया चलन लेकर आया है। इस तरह के रंग गर्मियों में खूबसूरत लगते हैं। वहीं चिकनकारी कढ़ाई वाले इस लंबे कुर्ते के साथ हैवी फ्लेयर्ड शरारा शानदार को-ऑर्ड सेट बन सकता है।

**अनुष्का सेन:** गर्मियों में डेनिम पैंट्स के साथ शार्ट चिकनकारी कुर्ती को पेयर कर सकते हैं। कॉलेज जाने वाली लड़कियों के लिए शार्ट चिकनकारी कुर्ती स्टाइलिश और कैजुअल लुक का मिश्रण होती है।

**रुबीना दिलैक:** टीवी अभिनेत्री रुबीना दिलैक के पास चिकनकारी कुर्ता का क्लासिक कलेक्शन है। इसमें यह लंबा फुल चिकनकारी वर्क कुर्ता और साथ में मैचिंग प्लाजो या स्कर्ट का मिलान कर सकते हैं। इस तरह का चिकनकारी कुर्ता सेट गजब का लुक देता है और इस मौसम की गर्माहट से राहत व सुकून भी देता है।

**मौनी राय:** पारंपरिक शैली को अपनाते हुए किसी दूसरे रंग के कुर्ता पर सफेद धागों की चिकनकारी कढ़ाई वाले कुर्ता से खुद को स्टाइल कर सकते हैं। इस तरह के कुर्ता में कढ़ाई हाइलाइट होती है। साथ ही चिकनकारी प्लाजो के साथ इसे पेयर करने से लुक अधिक आकर्षक लगेगा।

## गर्मी में नहीं बिगड़ेगा मेकअप जान लें स्वेट प्रूफ मेकअप

हर लड़की मेकअप करना पसंद करती है। लेकिन, जब बात गर्मी में मेकअप की आती है तो ये किसी चैलेंज से कम नहीं लगता। दरअसल, गर्मी के मौसम में इतना अधिक पसीना आता है कि सारा मेकअप कुछ देर में ही खराब हो जाता है और चेहरा पैची और अनइवन दिखने लगता है। अगर आप भी ऐसी समस्याओं से जूझ रही हैं तो कुछ ट्रिक्स को जान लेना जरूरी है। अगर आप चाहती हैं कि गर्मी और उमस में भी आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहे और फ्रेश दिखे, तो आपको मेकअप और स्किनकेयर के कुछ खास स्टेप्स को फॉलो करना होगा। आइए जानते हैं ये असरदार टिप्स, जिनसे आप गर्मियों में भी पा सकती हैं एक क्लीन और स्वेट प्रूफ लुक।



**गर्मी में मेकअप को प्रोटेक्ट करने के तरीके**

### बर्फ वाले पानी में चेहरा डुबोएं

बर्फ वाले पानी में चेहरा डुबोना कोई ट्रेंड नहीं, बल्कि एक इफेक्टिव स्किन प्रेप तरीका है। यह चेहरे के पोर्स को टाइट करता है और स्किन को फर्म बनाता है, जिससे मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहता है। सुबह के समय कुछ सेकंड्स के लिए बर्फ वाले पानी में अपना चेहरा डुबोएं। यह मेकअप को पैची और ब्लॉची होने से रोकता है।

### लाइटवेट स्किनकेयर प्रोडक्ट्स का करें इस्तेमाल

गर्मियों में भारी और ऑयली स्किनकेयर प्रोडक्ट्स से बचें। इसके बजाय विटामिन सी और नायसिनामाइड जैसे इंग्रेडिएंट्स वाले हल्के फॉर्मूलेशन चुनें। जेल बेस्ड मॉइस्चराइजर और मैटीफाइंग सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। मॉइस्चराइजर और सीपीएफ को पूरी तरह स्किन में समा जाने दें और मेकअप शुरू करने से पहले कुछ मिनट का अंतर रखें।

### कम मात्रा में लगाएं फाउंडेशन

गर्मियों में हेवी फाउंडेशन से मेकअप जल्दी खराब होता है। इसके बजाय कुछ बूंदें लाइटवेट सीरम फाउंडेशन या बीबी क्रीम की लगाएं। यह त्वचा को सांस लेने देता है और पसीने से मेकअप के बहने या क्रैक होने की संभावना को कम करता है।

### स्मज-प्रूफ मेकअप प्रोडक्ट्स चुनें

आईलाइनर, काजल, मस्कारा से लेकर हाइलाइटर और कंटूर तक, सभी मेकअप प्रोडक्ट्स स्मज-प्रूफ होने चाहिए। ये प्रोडक्ट्स स्किन की चिकनाई को कंट्रोल करते हैं और लंबे समय तक टिके रहते हैं, जिससे चेहरा गहरा या गंदा नहीं दिखता।

### प्राइमर लगाना न भूलें

बहुत सी महिलाएं सीधे फाउंडेशन लगाना शुरू कर देती हैं, लेकिन गर्मियों में एक अच्छा मैटीफाइंग प्राइमर स्किन को पसीने और मेकअप मेल्टिंग से बचाता है। यह फाउंडेशन और स्किन के बीच एक प्रोटेक्टिव लेयर बनाता है और मेकअप को ज्यादा देर तक टिकाए रखता है। अगर आप गर्मी और उमस के मौसम में भी फ्रेश और खूबसूरत दिखना चाहती हैं, तो इन 5 पसीना-रोधी मेकअप टिप्स को जरूर अपनाएं। सही स्किनकेयर से लेकर प्रोडक्ट्स के चुनाव तक, थोड़ी सी सावधानी आपको एक परफेक्ट और लॉन्ग-लास्टिंग समर लुक दे सकती है।

# घनी और खूबसूरत पलकों के लिए अपनाएं ये प्राकृतिक तरीके

घनी, लंबी और खूबसूरत पलकें चेहरे की खूबसूरती और आंखों को अधिक आकर्षक बना देती हैं। इसके लिए लड़कियां नकली आईलैशेस का उपयोग करती हैं। बाजार में केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स भी मौजूद हैं जो पलकों को घनी व लंबी दिखाने में काम आते हैं। हालांकि, प्राकृतिक रूप से आईलैशेस को घना और लंबा बनाया जा सकता है। इससे पलक मजबूत भी होती हैं और न ही प्राकृतिक घरेलू नुस्खों के कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं होते हैं। इन घरेलू नुस्खों को अपनाकर कुछ हफ्तों में आपको फर्क देखने को मिल सकता है। आइए जानते हैं पलकों को नेचुरल तरीके से खूबसूरत बनाने के लिए घरेलू नुस्खों के बारे में।



**नारियल तेल:** रात को सोने से पहले एक साफ कॉटन बड या उंगली की मदद से हल्का गर्म नारियल तेल पलकों की जड़ों में लगाएं। नारियल तेल में फैटी एसिड और विटामिन E होते हैं जो पलकों को पोषण देकर उन्हें घना और मजबूत बनाते हैं।

**एलोवेरा जेल:** ताजा एलोवेरा जेल निकालकर पलकों की जड़ों में हल्के हाथों से लगाएं और रात भर छोड़ दें। एलोवेरा में विटामिन ए, सी और ई होते हैं जो पलकों को मॉइस्चराइज कर उन्हें लंबा और घना बनाते हैं।

**ग्रीन टी:** ग्रीन टी को ठंडा कर कॉटन बॉल की मदद से पलकों पर लगाएं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट बालों की ग्रोथ को तेज करते हैं और पलकों को मजबूत बनाते हैं।

**अरंडी का तेल:** कॉटन बड या साफ मस्कारा ब्रश से हल्का अरंडी का तेल पलकों पर लगाएं। इसमें मौजूद रिसिनोलिक एसिड बालों की ग्रोथ को बढ़ाता है और झड़ने से रोकता है।

# झुर्रियां, टैनिंग की समस्या को चुटकी में करें दूर, ऐसे लगाएं चावल का पानी

आजकल काफी महिलाएं कम उम्र में चेहरे पर झुर्रियां, झाइयों, पिगमेंटेशन, मुंहासों, एक्ने के कारण हुए दाग-धब्बों से परेशान रहती हैं। इन सभी समस्याओं के कारण चेहरा काफी भद्दा दिखने लगता है। आप कई तरह के महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स भी अप्लाई करती होंगी, लेकिन पॉजिटिव रिजल्ट नहीं नजर आता है तो निराशा ही होती है। चलिए आपको परेशान होने की जरूरत नहीं और ना ही बाहर के महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स लगाने की। आपको चाहिए बस चावल का पानी। हर दिन आप खाने के लिए चावल बनाती होंगी। जिस पानी में चावल को धोती हैं, उस पानी को आप फेंक देती होंगी, अब से ऐसा न करें। ये चावल का पानी आपकी कई समस्याओं को दूर करने का दावा करता है। आजकल राइस वॉटर टोनर भी मार्केट में मिल जाता है। आप स्किन पर राइस वॉटर टोनर भी अप्लाई कर सकती हैं, वह भी खुद घर पर बनाकर। चावल से बने टोनर को अप्लाई करने के बाद स्किन संबंधित कई तरह की समस्याएं दूर हो सकती हैं।

### दाग-धब्बे भी होते हैं कम

चावल का टोनर लगाने से धूप के कारण होने वाली स्किन टैनिंग, सनबर्न आदि कम होने लगता है। इसके लिए आपको हर दिन इस घर में बने टोनर का इस्तेमाल करना होगा। कम उम्र में ही बढ़ती उम्र के लक्षणों को रोकने में कारगर है चावल के पानी से बना टोनर। इससे दाग-धब्बे भी कम होते हैं।एंटी-एजिंग गुणों से भरपूर होता है चावल का पानी। त्वचा पर जब आप चावल का पानी अप्लाई करेंगी तो एक्सेस ऑयल निकलता है। इसमें कई तरह के विटामिंस जैसे विटामिन ई, सी, बी भी होते हैं जो स्किन को निखारते हैं। माथे पर नजर आने वाली महीन लाइंस भी गायब हो जाती हैं।



### चावल का पानी कैसे करें यूज

आप चावल दो तीन बार बिल्कुल साफ पानी से साफ कर लें। इस पानी को फेंके नहीं. सबसे पहले चेहरे को पानी या हर्बल साबुन से साफ कर लें। अब कॉटन पैड की मदद से चेहरे पर चावल का पानी अप्लाई करके कुछ देर के लिए सूखने दें। फिर चेहरे को साफ पानी से धो लें। इसे रेगुलर लगाने से स्किन ग्लो भी करेगी और धूप के कारण टैनिंग की समस्या भी कम होगी।

**कार्नर न्यूज**

### आज की फैशन दुनिया में कांट्रास्ट और एक्सपेरिमेंट का जमाना है

# मैचिंग ब्लाउज का गया जमाना, जानें किस रंग की साड़ी के साथ कौन सा ब्लाउज जचेगा ?

एक समय था, जब हर साड़ी के साथ बिल्कुल मैचिंग ब्लाउज पहनना ही ट्रेंड होता था। लेकिन अब समय बदल गया है। आज की फैशन दुनिया में कांट्रास्ट और एक्सपेरिमेंट का जमाना है। यही वजह है कि महिलाएं आज के समय में मैचिंग की जगह अलग स्टाइल से अपने कपड़ों का कांट्रास्ट करती है। खासतौर पर यदि बात की जाए साड़ी की तो स्टाइलिश लुक के लिए साड़ी और ब्लाउज के रंगों का कंट्रास्ट में खेल, एक सिंपल आउटफिट को भी ग्लैमरस बना सकता है। इसी के चलचे हम आपको यहां ये बताने जा रहे हैं, कि कौन से रंग की साड़ी के साथ कौन सा ब्लाउज अच्छा लगता है। ताकि आप अपने लुक को स्टाइलिश बना सकें।



### पीली साड़ी

पीली रंग की साड़ी के साथ यदि आप पीला ब्लाउज पहनेंगी तो आपका लुक अजीब दिख सकता है। इसके साथ आप पीले रंग की जगह रॉयल ब्लू, मरून, ऑरेंज का ब्लउज पहनें। इसके साथ हरा ब्लाउज भी अच्छा दिखेगा। रॉयल ब्लू या मिरर वर्क वाला ब्लाउज लुक को फेस्टिव बना देता है।

### नीली साड़ी

नीले रंग की साड़ी के साथ नीला ब्लाउज पहनने से हो सकता है कि आपका लुक अच्छा न दिखे। नीले ब्लाउज के अलावा आप लाल, सिल्वर, पिंक या मस्टर्ड रंग का ब्लाउज कैरी कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा दिखेगा।

### लाल साड़ी

यदि आप लाल साड़ी पहन रही हैं तो उसके साथ लाल रंग का ब्लाउज न पहनें। इसके साथ यदि आप गोल्डन, ग्रीन या फिर ब्लैक रंग का ब्लाउज पहनेंगी तो इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। गोल्डन सीक्विन या कटवर्क ब्लाउज शादी या पार्टी के लिए परफेक्ट है।

### हरी साड़ी

हरा रंग देखने में काफी खूबसूरत लगता है, लेकिन इससे मैचिंग का ब्लाउज यदि आप पहनेंगी तो इससे साड़ी का लुक देखने में अच्छा लगेगा। मैचिंग के अलावा आप इसके साथ रेड, येलो या गोल्डन रंग का ब्लाउज कैरी कर सकती हैं।

### काली साड़ी

यदि आप काले रंग की साड़ी पहन रही हैं तो उसके साथ काला ब्लाउज न पहनें। काले रंग की साड़ी के साथ हमेशा गोल्डन, रेड, मिरर वर्क का सिल्वर ब्लाउज अच्छा दिखता है। इसके साथ ज्वेलरी भी अलग रंग की ही पहनें, वरना आपका लुक बिगड़ जाएगा।

### गुलाबी साड़ी

गुलाबी रंग ज्यादातर महिलाओं को पसंद होता है, लेकिन यदि आप इस रंग की साड़ी के साथ मैचिंग का ब्लाउज पहनेंगी तो इस रंग का लुक भी खराब हो सकता है। ऐसे में आप इसके साथ पर्पल, मिंट ग्रीन, व्हाइट रंग का ब्लाउज कैरी करें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे।